हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



चार साल पहले पूर्ववर्ती सरकार की निशुल्क जांच की योजना अब उपेक्षा की शिकार

**बिलासपुर**

## शासन से नहीं आया कोई फंड, शुरू होने से पहले बंद हो गई हमर लैब योजना

# हमर लैब योजना ध्वस्त, 14 जिलों में शुरू नहीं हो पाया जहां खुला वहां की हालत भी बदतर

रायपुर-विकास शर्मा, राजनांदगांव-हफीज खान, जगदलपुर-महेंद्र विश्वकर्मा और बिलासपुर से विकास चौबे की रिपोर्ट

निजी लैब में पैथालॉजी जांच के लिए पैसे खर्च करने से बचाने के लिए जिला अस्पतालों में शुरू की गई हमर लैब की योजना अब उपेक्षा की शिकार होने लगी है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा करीब चार साल पहले इस योजना को प्रारंभ किया था मगर 14 जिलों में अब तक इसी शुरुआत शेष पेज 4 पर




## रायपुर में कई जरूरी जांच बंद

रायपुर के पंडरी जिला अस्पताल में हमर लैब का संचालन शुरुआत से की जा रही है। यहां 120 के बजाय 144 तरह की जांच की सुविधा दी जा रही थी। पिछले कुछ समय से रीएजेंट की टोटा होने और लोकल शेष पेज 4 पर



## जगदलपुर में 1145 तरह की जांच

जगदलपुर के महारानी जिला अस्पताल में संचालित हमर लैब में 1145 तरह के बीमारियों की जांच की सुविधा मरीजों को मिल रही है। साढ़े तीन साल से संचालित लैब में ब्लड ग्रुप, डायबिटीज, लीवर, किडनी, यूरीन के अलावा जापानी इंसेफेलाइटिस, हेपेटाइटिस ए, बी एवं सी समेत अन्य जांच हो रही है। यहां आने वाले मरीजों को निशुल्क जांच की सुविधा मिलने की वजह से इसके लिए अब निजी अस्पतालों में जाकर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जशपुर में आयोजन

# जनजातीय गौरव यात्रा 13 को, सीएम साय के साथ मनसुख होंगे शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

खास खबर

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जशपुर में 13 नवंबर को जनजातीय गौरव यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया शामिल होंगे। यह यात्रा जनजातीय संस्कृति, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को याद करने के साथ युवाओं को जनजातीय संस्कृति से परिचित कराने और उन्हें अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक करने के लिए की जा रही है। यात्रा के शेष पेज 4 पर

## रायपुर में 14 और 15 को जनजातीय गौरव दिवस

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के भव्य राज्य स्तरीय आयोजन की तैयारी की जा रही हैं। साइंस कॉलेज मैदान में जनजातीय गौरव दिवस के दौरान 14 एवं 15 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक जनजातीय गौरव पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को जमुई बिहार से वर्चुअल रूप से जुड़कर इस शेष पेज 4 पर

### पूरनानगर से होगी शुरू

यात्रा पूरनानगर से प्रारंभ होते हुए बालाछापर चौक, फारेस्ट डिपो, गम्हरिया चौक, हाउसिंग बोर्ड, बांकी नदी, जैन मंदिर, बिरसामुंडा चौक, महाराजा चौक, महाराजा चौक, बालाजी मंदिर से होते हुए रणजीता स्टेडियम तक जाएगी।

**एनकाउंटर की इनवेस्टिगेशन:** एसपी ने फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम को जांच सौंपी, मोहन पटेल संभालेंगे जिम्मा

# एफएसएल की 3 सदस्यीय टीम करेगी जांच, पुलिस ने की 16 राउंड की फायरिंग, अमित ने चलाई 6 से 7 गोलियां

भिलाई के कुख्यात अपराधी अमित जोश के एनकाउंटर मामले में जांच शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर फॉरेंसिक विशेषज्ञ की टीम को डॉ. मोहन पटेल के नेतृत्व में इस पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। इधर, शनिवार की शाम तक मृतक अमित जोश के शव का पोस्टमार्टम शुरू नहीं हो पाया। शाम साढ़े 6 बजे के करीब पीएम शुरू किया गया। डॉ. कामेन्द्र ठाकुर, डॉ. कल्याण सिन्धा, डॉ. मयंत देवांगन की टीम ने पीएम की।

**देर शाम पोस्टमार्टम शुरू हुआ, घटना की मजिस्ट्रियल जांच की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक अमित जोश को दो गोलियां लगी थीं। इसमें एक गोली सीने और दूसरी पैर पर लगी। उसके शरीर में चोट के निशान भी पाए गए हैं। बहरहाल इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि अमित को कितनी दूर से गोली लगी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने 16 राउंड फायरिंग की थी। वहीं अमित ने 6-7 बार गोली चलाईं। एक गोली पुलिस की गाड़ी में भी धंसी। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन के लिए 3 सदस्यीय टीम गठित की गई है।

इस पूरे मामले की निगरानी सिटी एएसपी सुखनंदन राठौर कर रहे हैं। इधर, शनिवार की सुबह से जयंती स्टेडियम के आसपास के पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया था। एनकाउंटर के बाद क्राइम सीन को सुरक्षित कर दिया गया। घटनास्थल पर ब्लड के सैंपल, आरोपी के कपड़े और अन्य सामानों को जुटाया गया। फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. मोहन पटेल ने मौके पर जांच की। मिले सारे एविडेंस को सुरक्षित शेष पेज 4 पर

### पुलिस कर रही थी फरार अमित की पतासाजी

जानकारी के मुताबिक पुलिस को पहले से खबर थी कि आरोपी अमित भिलाई में ही कहीं छिपा हुआ है। वह अपने जीजा जार्ज से मिलने के लिए भिलाई आया हुआ था। क्राइम टीम के दो आरक्षकों को पहले खबर मिली कि अमित को जयंती स्टेडियम के आसपास देखा गया है। इसके बाद डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में घेराबंदी की गई। आरोपी को शेष पेज 4 पर








### एनकाउंटर को लेकर मानवाधिकार आयोग और मजिस्ट्रियल जांच होगी

बहरहाल एफएसएल, पीएम रिपोर्ट और पुलिल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट का इंतजार है। तीनों रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच तय होगी। जानकारी के मुताबिक आगामी दिनों में मानवाधिकार आयोग और मजिस्ट्रियल जांच होगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने इस पूरे मामले में नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने घटना से जुड़ी जानकारी भी ली है।

### कागजी कार्रवाई के कारण में पीएम में हुई देरी

कागजी कार्रवाई, एक्सरे और अन्य प्रक्रियाओं के कारण पीएम में देरी हुई। रात तक पोस्टमार्टम कराया गया। एफएसएल ने स्थल निरीक्षण कर दिया है। सारे साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिया गया है। मुखबिर से मिली खबर के आधार पर ही पुलिस की टीम मौके पर पकड़ने गई शेष पेज 4 पर

### सारे साक्ष्यों को सुरक्षित किया, रिपोर्ट जल्द देंगे

*हमने सारे साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिया है, पिस्टल को पहले दिन ही सुरक्षित कर लिया गया था। खोखे और बुलेट शनिवार को सुरक्षित किए गए। अन्य एविडेंस भी लिए गए हैं। बाकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द प्रस्तुत कर दी जाएगी।*

*डॉ. मोहन पटेल*
*फॉरेंसिक एक्सपर्ट रायपुर*

# एचआईवी पॉजिटिव को निगेटिव रिपोर्ट, संविदा कर्मचारी बर्खास्त

**कलेक्टर के आदेश पर एक्शन**


'हमर लैब' का कमाल, एचआईवी पॉजिटिव को बताया निगेटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

खबर का असर

दंतेवाड़ा के हमर लैब ने एचआईवी एवं वीडीआरएल पॉजिटिव मरीज जो दवा ले रहा है, उसे निगेटिव रिपोर्ट दे दिया है। जांच समिति ने गलत रिपोर्ट देने वाले मेडिकल लैब टेक्नॉलाजिस्ट संविदा कर्मी सचिन मसीह को लापरवाही के लिए दोषी पाया। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर के अनुमोदन के बाद सीएमएचओ दंतेवाड़ा ने 8 नवंबर को जारी आदेश में सचिन मसीह को बर्खास्त कर दिया है। गौरतलब है कि 4 नवम्बर को हरिभूमि ने हमर लैब का कमाल, एचआईव्ही पॉजिटिव को बताया निगेटिव शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम शेष पेज 4 पर

### संक्रमित मरीजों की ली जा रही अपडेट

जिला अस्पताल में अनेक मरीज दवा लेकर उपचार करा रहे हैं, जिन्हें समय-समय पर अपना ब्लड सेंपल के लिए अस्पताल आना पड़ता है। जहां से ब्लड को हमर लैब भेजा जाता है। इस घटना के बाद से जिले में कितने मरीज एचआईवी पॉजिटिव हैं, इसकी भी जानकारी ली जा रही है। वर्तमान में इसकी संख्या कितनी है। इसका आंकड़ा अस्पष्ट है। डीपीएम रथेन्द्र मंडल ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में एचआईवी पॉजिटिव संक्रमित मरीजों की लेटेस्ट अपडेट ली जा रही है।

# स्कॉर्पियो पलटी, एसआई की मौत दो आरक्षक सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



पाली पुलिस की टीम एक अनाचार के आरोपी को गिरफ्तार करने कानपुर (उत्तर प्रदेश) गए हुई थी, जहां आरोपी तो नहीं मिला, जिसके बाद उक्त टीम स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर बैरंग वापस लौट रही थी कि अल सुबह गौरेला पेंड्रा मरवाही के समीप पहुंचते ही स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में शेष पेज 4 पर

### रिटायरमेंट के लिए दिया था आवेदन

सूत्र बताते हैं कि विलायत हुसैन की कुछ माह पहले अपनी पत्नी की मौत होने के बाद बहुत ही व्यथित थे, जिसके बाद वे नौकरी करना नहीं चाहते थे। रिटायरमेंट के लिए पुलिस के आला अधिकारियों को शेष पेज 4 पर

# मजदूरों से भरी पिकअप और ट्रक में टक्कर, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावण्ड थाना क्षेत्र स्थित पडांनार चावड़ा कृषि फार्महाउस में काम कर



लौट रही मजदूरों से भरी पिकअप व ट्रक के बीच देर शाम हुए सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं हादसे में 13 अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें बकावण्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद महारानी अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक ओडिशा से महिलाएं मजदूरी शेष पेज 4 पर




**झारखंड में कर चोरी के मामले में कार्रवाई**

# चुनाव से पहले आयकर विभाग की एंट्री, सोरेन के पीएस के घर समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग की एंट्री हो गई। आयकर विभाग ने कर चोरी से संबंधित जांच के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सलाहकार सुनील श्रीवास्तव और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। आयकर विभाग ने सुनील श्रीवास्तव, उनके परिवार के सदस्यों और उनसे जुड़े कुल 16 जगहों पर छापेमारी की। रांची में 7 और जमशेदपुर में 9 जगहों पर छापेमारी चल रही है। इसमें जमशेदपुर के अंजानिया इस्पात समेत अन्य ठिकानें भी शामिल हैं। इसको लेकर अधिक जानकारी सामने आना अभी बाकी है।

सुबह के समय शुरू हुए अभियान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम आयकर अधिकारियों की सुरक्षा संबंधी मदद कर रही है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के सलाहकार सुनील श्रीवास्तव से जुड़े शेष पेज 4 पर



### भाजपा ने कहा- इंतजार कीजिए

भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, मुझे नहीं पता कि राज्य में सत्तारूढ़ दल इन छापों को चुनावों से क्यों जोड़ते हैं। उन्हें आयकर विभाग का आधिकारिक बयान आने तक इंतजार करना चाहिए।

### कांग्रेस बोली- दबाव बनाने की कोशिश

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने दावा किया, यह झारखंड के लिए नया नहीं है। राज्य में विपक्षी नेताओं और उनके कर्मचारियों के परिसरों पर अक्सर आयकर विभाग के छापे पड़ते हैं। भाजपा चुनाव के मद्देनजर आयकर और ईडी के छापों के जरिए अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है। वे ऐसी कार्रवाइयों से विपक्षी नेताओं पर महज दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# ट्रंप को 7 दिन में मारने की ईरानी साजिश का पर्दाफाश, सुपारी लेने वाला शूटर पकड़ाया

एजेंसी ⏭ मैनहट्टन

अमेरिका के न्याय विभाग ने ईरान पर राष्ट्रपति चुनाव से पहले या फिर चुनाव के 7 दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पकड़ाए गए एक अफगानी मूल के नागरिक को अदालत में पेश किया गया।

मैनहट्टन में संघीय अदालत में दायर आपराधिक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अक्टूबर में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक एजेंट ने अफगानी मूल के फरहाद शकेरी नाम के शख्स को ट्रंप की हत्या का काम सौंपा था। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि शकेरी ईरान में सरकारी कर्मचारी है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा कि शकेरी को ट्रंप की हत्या के लिए अपने आपराधिक नेटवर्क का इस्तेमाल करने को कहा गया था। एफबीआई ने कहा है कि जुलाई में एक असंबंधित हत्या के प्रयास के बाद ट्रंप के विरुद्ध धमकियां बढ़ीं हैं।

## 13 जुलाई को भी ट्रंप पर हुआ था हमला

यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप पर हमले की साजिश रची गई। इसी साल चुनाव प्रचार के दौरान 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर शहर में उन पर चुनावी रैली के दौरान गोलीबारी हुई थी। इसमें एक गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। उस घटना के करीब 64 दिन बाद एक बार फिर उन पर जानलेवा हमले की कोशिश हुई थी। उस वक्त ट्रंप फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में मौजूद थे।

## कैसे हुआ इस मामले का खुलासा?

शिकायत में कहा गया है कि शकेरी ने ईरान में रहते हुए एफबीआई एजेंटों के साथ रिकॉर्ड की गई बातचीत में कथित साजिशों के कुछ विवरण का खुलासा किया है। उसने जांचकर्ताओं को बताया कि उसके सहयोग का कथित कारण अमेरिका में सलाखों के पीछे उसके एक सहयोगी की सजा को कम कराना है।

## चुनाव के बाद फिर से हमले की थी योजना



शकेरी के अनुसार, ईरानी अधिकारी ने उससे कहा था कि वह 7 दिन में ट्रंप को नहीं मार पाया तो चुनाव के बाद तक साजिश रोक दी जाएगी क्योंकि अधिकारी का मानना था ट्रंप हार जाएंगे और तब उन्हें मारना आसान होगा। शिकायत के अनुसार, हालांकि अधिकारियों ने पाया कि उसके द्वारा दी गई कुछ जानकारी झूठी थी, लेकिन ट्रंप की हत्या की साजिश और ईरान द्वारा बड़ी रकम देने की इच्छा के संबंध में उनके बयान सही पाए गए।

## कौन है पकड़ाया गया फरहाद शकेरी

शकेरी अफगानी नागरिक है, जो बचपन में अमेरिका आ गया था, लेकिन डकैती के लिए 14 साल जेल में बिताने के बाद उसे निर्वासित कर दिया गया। अब वह सुपारी लेकर हत्या की साजिश के लिए तेहरान द्वारा भर्ती किए गए बदमाशों का एक नेटवर्क चलाता है। शिकायत के अनुसार, आईआरजीसी अधिकारी ने शकेरी को सितंबर में 7 दिन में ट्रंप की हत्या की योजना बनाने का निर्देश दिया था। इसके लिए उसे मोटी रकम भी ऑफर की गई थी।

*ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को भी मारने की साजिश*

*शिकायत में आरोप है कि शकेरी ने अमेरिकी जेल में मुलाकात के दौरान न्यूयॉर्क निवासी कार्लिसल रिवेरा और जोनाथन लोडहोल्ट को अमेरिकी पत्रकार की हत्या की साजिश रचने के लिए अपने समूह में शामिल किया था। हालांकि, उनकी योजना विफल हो गई। शिकायत में उस पत्रकार की पहचान उजागर नहीं की गई है, लेकिन उनके मसीह अलीनेजाद होने की संभावना है। उन्होंने ईरान में महिलाओं के लिए सिर ढकने के कानून पर गंभीर सवाल उठाए हैं।*

*दो अमेरिकियों की हत्या के लिए भी मिली थी सुपारी*

*शकेरी ने दावा किया कि न्यूयॉर्क में 2 यहूदी अमेरिकी नागरिकों की निगरानी करने और संभावित रूप से उनकी हत्या करने के लिए उन्हें 5 लाख डॉलर (4.20 करोड़ रुपये) की पेशकश की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर जेल में बिताए गए अपने संबंधों का इस्तेमाल आईआरजीसी को निगरानी और हत्या कार्यों के लिए सहायता प्रदान करने में किया।*

---

### विधानसभा चुनावों के लिए रैलियों का दौर तेज

# मोदी बोले- हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक कांग्रेस के एटीएम, राहुल ने कहा- दो विचारधाराओं की लड़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जैसे-जैसे विधानसभा चुनावों की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे नेताओं के दौरे बढ़ते जा रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ और अकोला में 2 चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां से उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में कुछ नहीं कहा।

वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड के जमशेदपुर में रैली की। यहां राहुल गांधी ने कहा कि देश में इस समय दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। राहुल गांधी ने राज्य के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से 7 गारंटियों की घोषणा की।

## चुनाव महाराष्ट्र में, वसूली इन राज्यों से : मोदी

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के अकोला में पहली जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार के लिए एटीएम बन जाता है। चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में दोगुनी हो गई है। आरोप है कि कर्नाटक में इन लोगों ने शराब दुकानदारों से 700 करोड़ रुपए की वसूली कराई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी।

## कांग्रेस को ओबीसी प्रधानमंत्री पसंद नहीं



महाराष्ट्र के नांदेड़ में प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस इस बात को बर्दाश्त नहीं कर सकती कि पिछले 10 सालों से देश में एक ओबीसी प्रधानमंत्री है। इसलिए कांग्रेस ओबीसी की पहचान खत्म करने और उन्हें अलग-अलग जातियों में बांटने का खेल खेल रही है। आपको कांग्रेस की विभाजनकारी रणनीति से सतर्क रहना होगा। आपको देश को तोड़ने और बर्बाद करने के कांग्रेस के छिपे हुए एजेंडे के बारे में जागरूक रहना होगा। हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

## महाराष्ट्र और झारखंड में कब है चुनाव?

महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर एक साथ 20 नवंबर को मतदान होगा। राज्य में 9.63 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 4.97 करोड़ पुरुष और 4.66 करोड़ महिलाएं हैं। मतदान के लिए कुल 1,00,186 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर और दूसरे चरण का 20 नवंबर को होगा। राज्य में कुल 2.6 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.29 करोड़ महिलाएं हैं। दोनों राज्यों के चुनावी नतीजे एक साथ 23 नवंबर को आएंगे।

## संजय राउत ने भी प्रधानमंत्री को घेरा

शिवसेना सांसद संजय राउत ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे पर प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, मोदी ऐसी भाषा क्यों बोल रहे हैं, समझ नहीं आता। बंटेंगे तो कटेंगे नारा नहीं चला तो अब 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा लेकर आए हैं। महाराष्ट्र में लोग सुरक्षित हैं, लेकिन जब भी मोदी आते हैं तो यहां असुरक्षा का माहौल बन जाता है, क्योंकि वे लोगों को बांटते हैं और दंगे भड़काने की कोशिश करते हैं।

*मोदी-शाह की तस्वीर हार की गारंटी*

*उद्धव : शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा, आज महाराष्ट्र में जहां भी जाएं, लगभग सभी राजनीतिक दलों के पोस्टरों पर बाला साहेब ठाकरे की तस्वीर दिखती है, लेकिन शायद भाजपा के पोस्टरों पर नरेंद्र मोदी या अमित शाह की तस्वीर नहीं दिखेंगी, क्योंकि उनकी तस्वीर हार की गारंटी है।*

## एक तरफ मोहब्बत की दुकान, दूसरी ओर हिंसा




झारखंड के जमशेदपुर में राहुल गांधी ने कहा, देश में 2 विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ इंडिया गठबंधन है तो दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस है। एक तरफ मोहब्बत, एकता, भाईचारा है तो दूसरी तरफ अहंकार, नफरत, हिंसा और क्रोध है। इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा करने की बात कहता है, जबकि भाजपा-आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहती है। इस दौरान राहुल ने युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए 7 गारंटियों की बात भी की।

---

# खाद्य सामग्री किट पर राहुल-प्रियंका की तस्वीर, दर्ज हुई एफआईआर

एजेंसी ⏭ वायनाड



केरल के वायनाड में खाद्य सामग्री किट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और वायनाड से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी की तस्वीर मिलने का मामला सामने आया है। चुनाव आयोग ने इस आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। धारा 173 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर खाद्य सामग्री किट भी जब्त कर लिए हैं।

## क्या है पूरा मामला?

दरअसल, शुक्रवार को जिले के थिरुनेली में लोगों को खाद्य सामग्री किट बांटने का कार्यक्रम था। उन सभी किटों पर राहुल और प्रियंका की तस्वीर छपी हुई थी। इसको लेकर यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट उम्मीदवार ने शिकायत दर्ज करा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इस आदर्श आचार संहिता का मामला मानते हुए एक चावल मिल में रखे सभी किट जब्त कर लिए। इसके बाद मनंतवडी न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर एफआईआर भी दर्ज कर ली।










हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

वापस 50 रुपए तक कीमत बढ़ाने की तैयारी, पहले दबाव में कम किए थे दाम



बिलिंग में अभी भी पुराने दाम कंपनियों ने डीलरों को दाम बढ़ाने के संकेत दे दिया



# नहीं आया दबाव काम, सीमेंट कंपनियां फिर बढ़ाएंगी दाम!

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां अब भी बेलगाम हैं। कंपनियों ने एक बार बीते माह पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए थे, लेकिन डीलरों ने बात नहीं मानी तो दाम वापस ले लिए। एक बार फिर से अब तीन किस्तों में 50 रुपए तक दाम बढ़ाने की तैयारी है। कंपनियां डीलरों को मैसेज कर रही हैं कि एक-दो दिनों में 10 से 15 रुपए दाम बढ़ाए जाएंगे। ये दाम खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी होंगे। वैसे भी पिछली बार नान ट्रेड के दाम 50 रुपए बढ़ाने के बाद 30 रुपए दाम ही वापस लिए गए थे। सीमेंट कंपनियां अब भी उसी 50 रुपए की बढ़ी ▸▸ शेष पेज 4 पर

## एक बार दाम बढ़ाए, फिर कम किए

मानसून की बारिश थमने के बाद जब नवरात्रि से लगातार निर्माण कार्य होने लगे तो ऐसे में सीमेंट की डिमांड अपने राज्य के साथ ही बाहर के राज्यों से आने लगी। ऐसे में सीमेंट कंपनियों ने वापस दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ करने का प्रयास ▸▸ शेष पेज 4 पर

**बिलिंग में खेल :** सीमेंट कारोबारियों के मुताबिक, बिलिंग में तो खेल हो रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद कंपनियों ने दाम कम करने की बात जरूर की, लेकिन बिलिंग आज भी पहले के बढ़े हुए दाम पर ही हो रही है। ज्यादातर कंपनियां 300 से ▸▸ शेष पेज 4 पर

# बाघ का अंतिम संस्कार पीएम की प्रारंभिक रिपोर्ट में जहर से मौत की आशंका



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुण्ठपुर**

गुरु घासीदास नेशनल पार्क सीमा के निकट कटवार खनखोपर नाला के समीप मृत बाघ के मामले पर वन विभाग के रायपुर स्तर के उच्चाधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। दूसरे दिन शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों ने मृत बाघ का पीएम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संवेदनशील मामले पर वन विभाग के अधिकारी सरगुजा संभाग से लेकर राजधानी रायपुर तक के पहुंचे, लेकिन कोई भी जिम्मेदार मामले में फिलहाल कुछ भी बयान देने ▸▸ शेष पेज 4 पर

- बाघ की मौत पर कई सवाल, वन विभाग के अफसर मौन

### दांत, नाखून आंख गायब

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बाघ के दांत, नाखून, आंख गायब हैं। ऐसे में यह मामला बाघ के स्वाभाविक मौत का नहीं, बल्कि शिकार करने का हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच किए जानने की जरूरत है। हालांकि इस मामले में वन विभाग के जिम्मेदार अफसर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इसमें विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल बाघ की मौत कैसे हुई पीएम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा हो सकेगा।

### जहर खुरानी से ही हुई हत्या

छत्तीसगढ़ के मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार ने कहा कि जहर खुरानी से ही हुई बाघ की हत्या। तस्करों ने नहीं ग्रामीणों ने ही अपने पशुओं के बचाव के लिए जहर खुरानी की घटना को दिया अंजाम

## पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में बड़ा हमला, 62 घायल

# पाक में आत्मघाती हमला, उड़ाया रेलवे स्टेशन, 14 सैनिकों समेत 27 की मौत

**7एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

*पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बड़ा हमला हो गया। क्वेटा में रेलवे स्टेशन के अंदर जोरदार ब्लास्ट हुआ। इसमें पाकिस्तानी सेना के 14 सैनिकों सहित 27 लोगों की मौत हो गई है। 45 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मुख्य रेलवे स्टेशन पर हुई विस्फोट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका फुटेज इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।*

यह विस्फोट प्रांतीय राजधानी क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर उस समय हुआ, जब यात्री पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर एकत्र हुए थे। क्वेटा डिवीजन के कमिश्नर हमजा शफकत ने कहा कि यह एक आत्मघाती हमला था और विस्फोट में 27 लोग मारे गए हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इससे पहले क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुहम्मद बलूच ने कहा था कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह एक संभावित आत्मघाती हमला था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार बचाव एवं कानून प्रवर्तन टीम ने क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया तथा घायलों एवं मृतकों को क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया।

### बलूच आर्मी ने ली जिम्मेदारी

बलूच लिबरेशन आर्मी ने ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली है। बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता ने कहा, हम क्वेटा रेलवे स्टेशन पर पाकिस्तानी सेना पर हुए फिदायीन हमले की जिम्मेदारी लेते हैं। पाकिस्तानी सेना की एक यूनिट इन्फैंट्री स्कूल से कोर्स पूरा करने के बाद जाफर एक्सप्रेस से लौट रही थी। इस हमले को बीएलए की फिदायीन यूनिट मजीद ब्रिगेड ने अंजाम दिया।

## सैकड़ों लोग कर रहे थे ट्रेन का इंतजार और हुआ धमाका



**ये थे निशाने पर:** बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मौज्जम जाह अंसारी ने कहा कि विस्फोट में अब तक 27 लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा, इस हमले का निशाना इन्फैंट्री स्कूल के सैन्यकर्मी थे। घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

### दोषियों को नहीं बख्शेंगे : शहबाज

इधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने घटना के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और तुरंत जांच का आदेश दिया। ब्लास्ट के बाद घायलों को क्वेटा के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। संकट से निपटने के लिए दूसरे अस्पतालों से भी डॉक्टर और नर्स बुलाए गए हैं।

# मुठभेड़ में मारा गया आठ लाख का डीवीसी मेंबर जोगा



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर**

बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली के जंगलों में शुक्रवार को सुरक्षाबल के जवानों ने जिन तीन वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया था, उनमें से एक नक्सली की पहचान आठ लाख के इनामी पी ए ल जी ए प्लाटून नम्बर 10 का कमाण्डर डीवीसी जोगा माड़वी के रूप में हुई है। वहीं, दो अन्य मारे गए नक्सलियों की पहचान होना बाकी है।

शनिवार को पत्रवार्ता में आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जिले के उसूर, पामेड़, बासागुड़ा व तर्रेम क्षेत्र में एसटीएफ, ▸▸ शेष पेज 4 पर

- दो की पहचान होना बाकी
- आईजी ने पत्रवार्ता में किया खुलासा

### इतने हथियार हुए बरामद

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में बस्तर रेंज अंतर्गत हुए विभिन्न मुठभेड़ों में 1 जनवरी 2024 से 9 नवम्बर 2024 तक 3 नग एलएमजी रायफल, 8 नग इंसास रायफल, 13 नग 303 रायफल, 4 नग कार्बाइन, 10 नग 9 एमएम पिस्टल, 22 नग बीजीएल, 167 नग अन्य हथियार सहित कुल 246 हथियार बरामद किया गया हैं। पत्रवार्ता के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी, एसपी डॉ. जितेंद्र यादव, एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्णा मौजूद रहे।

# दीपांशु होंगे एडीजी अजाक एवं ट्रेनिंग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**





राज्य शासन ने चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। गृह विभाग से जारी आदेश में दीपांशु काबरा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय रायपुर को एडीजी अजाक एवं प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय, आनंद छाबड़ा पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू रायपुर को पुलिस महानिरीक्षक ट्रेनिंग पुलिस मुख्यालय, ध्रुव गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू को पुलिस महानिरीक्षक ▸▸ शेष पेज 4 पर

# आंगन में घुसा 13 फीट का किंग कोबरा, वन अमले ने किया रेस्क्यू



**कोरबा।** कोरबा का जंगल पहले ही जैव विविधता के लिए जाना जाता है और इस जंगल में किंग कोबरा की मौजूदगी की वजह से विभाग लगातार जीव को संरक्षित करने में लगा है। शुक्रवार की देर शाम एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच ▸▸ शेष पेज 4 पर




### पंकज आडवाणी रिकॉर्ड 28वीं बार वर्ल्ड चैंपियन



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ऐतिहासिक 28वां विश्व खिताब जीत लिया जब उन्होंने दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराया। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था।

### गोदाम में आग लगने से तीन श्रमिकों की मौत



**नवसारी।** गुजरात के नवसारी जिले मेंरसायन का रिसाव होने से एक गोदाम में आग लग गई। इससे तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। बिलिमोरिया तालुक के देवसर गांव स्थित गोदाम में सुबह करीब नौ बजे उस समय आग लगी थी, जब मजदूर रसायन से भरे बैरल ट्रक से उतार रहे थे।

### एआई एक्सप्रेस बढ़ाएगी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस छोटे शहरों और कस्बों को महानगरों से जोड़ने के साथ ही नए विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ान भरने पर ध्यान केंद्रित करेगी। नेटवर्क विस्तार और समूह के साथ तालमेल से उसे बढ़त मिलेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस में हाल में एआईएक्स कनेक्ट का विलय हुआ है।



**अमेरिका में एक सदी से अधिक समय बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कीर्तिमान को दोहराया है। पहले राष्ट्रपति बने, दूसरी बार हारे और फिर तीसरी बार जीते। लगातार तीन टर्म तक एक दल का राष्ट्रपति उम्मीदवार बने रहना अमेरिकी राजनीति के लिए बड़ी बात है। निखत बिजनेसमैन से राजनेता बने डोनाल्ड ट्रंप की इस ऐतिहासिक सफलता में उनकी साफगोई, मुद्दों पर स्पष्टता और धुर राष्ट्रवाद ने अहम भूमिका निभाई। ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेट सरकार की विफलता, अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सुधारने, महंगाई से राहत दिलाने, रूस व यूक्रेन जंग खत्म करने, इजराइल का हमास व हिज्बुल्ला के साथ संघर्ष को समाप्त करने, चीन के साथ ट्रेड नियमों पर कड़ा रुख अपनाने, नेटो के नाम पर बर्बाद हो रहे अमेरिकी धन को बचाने, अवैध घुसपैठियों को निकालने जैसे सीधे व स्पष्ट वादे के दम पर शानदार बहुमत के साथ जीत दर्ज की। डेमोक्रेट उम्मीदवार भारतीय मूल की कमला हैरिस गर्भपात के अधिकार व पर्यावरण जैसे मुद्दों में ही उलझी रहीं। अब जब जनवरी में ट्रंप अमेरिका की कमान संभालेंगे, उसके बाद देखने वाली बात होगी कि वे अपने वादे कैसे पूरे करते हैं? क्या वे वैश्वीकारण व मुक्त बाजारवाद के दौर में संरक्षणवादी नजरिया अमेरिका फर्स्ट को आगे बढ़ा पाएंगे? क्या जंग खत्म करा पाएंगे? इन्हीं मुद्दों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# दूसरी पारी में ट्रंप का लिटमस टेस्ट





**विश्लेषण**

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

**डोनाल्ड ट्रंप वर्ष 2016 में राष्ट्रपति पद का चुनाव जीते और चार वर्ष बाद वर्ष 2020 में हार गए। पराजित हो जाने के पश्चात ट्रंप व्हाइट हाउस के प्राइवेट डायनिंग रूम में बैठकर अपने समर्थकों का उपद्रवी तमाशा टीवी पर लाइव देखते रहे। अपनी उत्तेजक तक़रीर में डोनाल्ड ट्रंप ने दावा पेश किया कि राष्ट्रपति चुनाव में उनके साथ जबरदस्त फ्रॉड किया गया। ट्रंप पर हिंसक भीड़ को उकसाने का संगीन इल्जाम आयाद किया गया, किंतु अमेरिकन सीनेट ने उनको इस इल्जाम से बाकायदा बरी कर दिया। यक्ष प्रश्न है कि ट्रंप एक दफा फिर से राष्ट्रपति का ओहदा संभाल लेने के पश्चात आखिरकार कौन सी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों का अनुसरण करेंगे?**

अमेरिका के डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड के बाद रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप ने एक चुनाव में पराजित होकर फिर से चुनाव जीतने का ऐतिहासिक कारनामा एक बार फिर से दोहरा दिया है। ग्रोवर क्लीवलैंड सन् 1885 से 1889 तक अमेरिका के प्रेसिडेंट रहे थे। इसके बाद राष्ट्रपति चुनाव में उनकी पराजय हो गई। इस पराजय के पश्चात एक दफा फिर से क्लीवलैंड सन् 1893 से लेकर सन् 1897 तक पुनः अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए। हिंसक कैपिटल हिल में कलंकित हुए डोनाल्ड ट्रंप फिर से अमेरिका के 50 राज्यों की 538 सीटों में से 295 सीटों को हासिल करके राष्ट्रपति पद का चुनाव प्रचंड बहुमत से जीत गए। अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को 270 सीटों की आवश्यकता होती है। स्मरण कीजिए सन् 2020 का वर्ष जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पराजित हो गए थे। पराजित होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की एक बड़ी हिंसक भीड़ पुलिस के बैरियर तोड़कर कैपिटल हिल नामक स्थान पर स्थित संसद भवन में घुस गई थी। अराजक हिंसक भीड़ में अनेक लोगों के पास घातक हथियार विद्यमान थे। कैपिटल हिल जहां से कुछ वक्त पहले अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के आधिकारिक नतीजे का ऐलान किया गया था।

## हिंसक भीड़ को उकसाने का लगा इल्जाम

कैपिटल हिल में घुसते ही अराजक भीड़ ने सांसदों को डराना-धमकाना शुरू किया। अमेरिकी सांसदों और उपराष्ट्रपति माइक पेंस को कड़े सुरक्षा घेरे में संसद से बाहर निकाला गया। उपद्रवी हिंसक भीड़ ने तकरीबन चार घंटे तक अमेरिकन संसद को घेरे रखा था। जिस शख्स के लिए संसद में विकट दंगा अंजाम दिया गया था, उसका नाम डोनाल्ड ट्रंप है। डोनाल्ड ट्रंप सन् 2016 में राष्ट्रपति पद का चुनाव जीते और चार वर्ष बाद सन् 2020 में चुनाव पराजित हो गए। चुनाव में पराजित हो जाने के पश्चात ट्रंप व्हाइट हाउस के प्राइवेट डायनिंग रूम में बैठकर अपने समर्थकों का उपद्रवी तमाशा टीवी पर लाइव देखते रहे। वस्तुतः ट्रंप के उत्तेजक भाषण के तत्पश्चात अराजक हिंसा प्रारंभ हुई। अपनी उत्तेजक तक़रीर में डोनाल्ड ट्रंप ने दावा पेश किया कि राष्ट्रपति चुनाव में उनके साथ जबरदस्त फ्रॉड किया गया। सन् 2021 में कैपिटल हिल दंगे के बाद ट्रंप पर हिंसक भीड़ को उकसाने का संगीन इल्जाम आयाद किया गया, किंतु रिपब्लिकन पार्टी की बहुमत वाली अमेरिकन सीनेट ने उनको इस इल्जाम से बाकायदा बरी कर दिया। इस वारदात के लगभग चार साल व्यतीत हो जाने के बाद यक्ष प्रश्न है कि डोनाल्ड ट्रंप एक दफा फिर से राष्ट्रपति का ओहदा संभाल लेने के पश्चात आखिरकार कौन सी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों का अनुसरण करेंगे?

अमेरिका के न्यूयॉर्क नगर में 14 जून 1946 को डोनाल्ड ट्रंप का जन्म एक अमीर परिवार में हुआ था। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का राष्ट्रवादी नारा पुनः बुलंद करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के अभियान का आगाज़ किया। ट्रंप के राजनीतिक चरित्र का गहन विश्लेषण अंजाम देकर ही यह समझा जा सकता है कि दूसरी बार राष्ट्रपति के रूप में आने वाले भविष्य में किस तरह की गृह नीति और विदेश नीति का अनुसरण कर सकते हैं।

## 'अमेरिका फर्स्ट' का डंका बजाया

राष्ट्रपति पद पर आसीन होकर अपने विगत कार्यकाल में डोनाल्ड ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' की विदेश नीति का डंका बजाया था। पेरिस जलवायु समझौते और ईरान परमाणु समझौते को डोनाल्ड ट्रंप ने निरस्त करके अमेरिका को इन समझौतों से बाकायदा बाहर कर लिया था। राष्ट्रपति के विगत कार्यकाल में उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह राष्ट्रपति किम जोंग के साथ बाकायदा मुलाकात की और राष्ट्रपति पुतिन के साथ दोस्ती निभाई। अमेरिकी राजनीति के प्रमुख जानकार जेरमी पीटर्स ने अपनी किताब 'इमरजेंसी' में लिखा कि बड़े अमीर कारोबारी डोनाल्ड ट्रंप का वस्तुतः राजनीतिज्ञ चरित्र नहीं होना ही, उनका सबसे बड़ा कामयाब हथियार बना हुआ है। जिस तरह की राजनीतिक बयानबाजी डोनाल्ड ट्रंप करते रहे हैं, इस स्तर के राजनीतिक बयानों को यदि कोई अन्य राजनेता देता तो शायद उसकी राजनीति का अंत हो जाता। दरअसल ट्रंप को राजनीति के बारे में कदापि कोई गहरी जानकारी नहीं रही। वह जैसी तकरीरें करते हैं, उनमें वह बिना किसी लाग लपेट और बिना किसी खौफ़ के अपनी बातों को पेश कर देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक तेवरों से सबसे पहले अमेरिका के रूढ़िवादी वोटरों को अपने पक्ष में कर लिया। ट्रंप ने गर्भपात जैसे विवादित विषयों पर बेबाक बयान दिए। ऐसे बयान तो जार्ज बुश और मिट रोमन जैसे दिग्गज रिपब्लिकन लीडर भी दबी आवाज में नहीं दे सके। डोनाल्ड ट्रंप ने फरमाया कि वह ऐसे जजों की नियुक्ति कर देंगे, जोकि गर्भपात के तमाम फैसलों को उलट कर रख देंगे। बाद में उन्होंने ऐसा ही कारनामा अंजाम दिया।

## मुस्लिम वोटरों का समर्थन मिला

इस कारनामे से रिपब्लिकन पार्टी के समर्थक करोड़ों रूढ़िवादी कैथोलिक वोटर उनके पक्ष में एकजुट हो गए। सन् 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में पराजित होने के बावजूद कोई भी शीर्ष रिपब्लिकन लीडर डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चुनौती नहीं पेश कर पाया। रिपब्लिकन पार्टी की नेतृत्वकारी पातों में अपने विरोधी लीडरों को एक-एक करके परास्त करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप सन् 2024 में फिर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बन गए और अंततः राष्ट्रपति पद का चुनाव वह जीत भी गए। राष्ट्रपति के तौर पर विगत कार्यकाल में ट्रंप की मुस्लिम विरोधी छवि प्रबल बनी रही थी, लेकिन इस दफा के राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने अमेरिका में बसने वाले मुसलमानों का दिल जीत लिया और उनको भारी संख्या में मुस्लिम वोटरों का समर्थन हासिल हुआ, क्योंकि उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान अपनी तकरीरों में कहा था कि वह इजराइल को विवश करके गाजा युद्ध को समाप्त करके ही दम लेंगे। डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस गाजा और यूक्रेन युद्ध के ज्वलंत प्रश्नों पर प्रायः मौन ही साधे रहीं। यह तो भविष्य बताएगा कि डोनाल्ड ट्रंप गाजा की सरजमीं पर एक वर्ष से निरंतर जारी नृशंस युद्ध को किस युक्ति से खत्म करने का कितना प्रयास करेंगे।

## युद्ध विरोधी तकरीर ने पहुंचाया फायदा

डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी चुनाव तकरीरों में कहा कि गाजा और यूक्रेन युद्धों में अमेरिका की बाइडन सरकार ने बेतहाशा दौलत को बर्बाद किया है और यहां तक कि अमेरिका को आर्थिक दिवालियापन के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल द्वारा फिलीस्तीनियों के विरुद्ध जारी आक्रमणों के विरुद्ध और युद्ध में इजराइल को अमेरिकी सैन्य मदद के विरोध में अमेरिका की तमाम यूनिवर्सिटियों के छात्रों ने जो बाइडन सरकार के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखा। डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध विरोधी तकरीरों के कारण डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक रहे मध्यवर्गीय छात्रों ने इस दफा डोनाल्ड ट्रंप को प्रबल समर्थन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर विगत कार्यकाल में इजराइल के घनघोर समर्थक के रूप में अपना किरदार निभाया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय शहर जेरूसलम को इजराइल का अभिन्न अंग करार दिया और अमेरिकन दूतावास को इजरायल की राजधानी तेल अबीब से स्थानांतरित करके जेरूसलम में स्थापित किया। अब्राहम पैक्ट के माध्यम से इजरायल और अमेरिका प्रभाव वाले अरब देशों के मध्य सुलहनामा कराने की जबरदस्त कोशिश डोनाल्ड ट्रंप ने अंजाम दी थी। अब देखना है कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने इस कार्यकाल में युद्ध समाप्त करने की अपनी कोशिश में बेंजामिन नेतन्याहू जैसे कट्टरपंथी राजनेता से किस तरह से निपटते हैं। सर्वविदित है कि विगत दौर में डोनाल्ड ट्रंप और ब्लादिमीर पुतिन के मध्य एक सांठगांठ कायम बनी रही।

## जुमलेबाजी न बन जाएं चुनावी वादे

यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान व्लादिमीर पुतिन पर यह इल्जाम आयद किया गया कि उसने ट्रंप को विजय दिलाने के लिए रूस की हुकूमत द्वारा सब हथकंडे अपनाए। चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नकारात्मक भूमिका को लेकर अनेक कटु प्रश्न खड़े करते रहे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वाल्दोमीर जेलेंस्की के व्यक्तित्व को मसखरा निरूपित करके भी डोनाल्ड ट्रंप अनेक तंज कसते रहे। अपने चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने दावा पेश किया कि वह यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करा देंगे। महंगाई और बेरोजगारी से संत्रस्त अमेरिकी जनमानस ने युद्धों के विरुद्ध वस्तुतः ट्रंप को राष्ट्रपति निर्वाचित किया है। अमेरिकन राजनीति के नव साम्राज्यवादी कॉरपोरेट चरित्र को ध्यान में रखते हुए अभी नहीं कहा जा सकता कि डोनाल्ड ट्रंप गाजा और यूक्रेन युद्धों को समाप्त कराने के चुनावी वादों पर खरे उतरेंगे अथवा नहीं उतरेंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप के चुनावी वादे कहीं चुनावी जुमलेबाजी बनकर तो नहीं रह जाएंगे। अत्यंत गहराई से समझा जाए तो जो बाइडन प्रशासन की आर्थिक मोर्चे पर घोर असफलताओं ने निरंकुश प्रवृति के डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद पर आसीन किया है। अस्वस्थ जो बाइडन के स्थान पर कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार मनोनीत करने में डेमोक्रेटिक पार्टी ने काफी देरी अंजाम दी। इस राजनीतिक देरी का पूरा फायदा डोनाल्ड ट्रंप को हासिल हुआ। जहां तक भारत का प्रश्न है डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति परम मित्रता का भाव प्रदर्शित करते रहे हैं।

## भारत के पक्ष में सिद्ध हो सकते हैं ट्रंप

भारत की कस्टम ड्यूटी पर भारत सरकार की आलोचना करने में भी डोनाल्ड ट्रंप अग्रणी रहे। पाकिस्तान के हुकूमत के विरुद्ध डोनाल्ड ट्रंप ने अपने विगत कार्यकाल में बड़ी तल्ख टिप्पणियां कीं। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को प्रदान की जाने वाली अमेरिकी सहायता राशि को घटाकर बहुत कम कर दिया था। उनका कहना था कि पाकिस्तान हुकूमत ने अधिकतर अमेरिकन सैन्य और आर्थिक सहायता का इस्तेमाल वैश्विक जिहादी आतंकवाद का परिपोषण करने में लगा दिया । चीन के विषय में ट्रंप की बड़ी बेबाक राय रही है। चीन के विस्तारवाद के विरुद्ध निर्मित किए गए क्वाड मोर्चे पर डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बन जाने से काफी मजबूती आ जाएगी। कुल मिलाकर अगर संक्षेप में विचार करें कि ट्रंप का अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित हो जाना भारत के पक्ष में सिद्ध हो सकता है।

# इंडो-यूएस ट्रेड संबंधों को मिलेगी मजबूती



**अर्थव्यवस्था**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया के सबसे सफल माने जाने वाले लोकतंत्र अमेरिका के चार साल बाद रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक भारतीय मूल की उम्मीदवार कमला हैरिस को पराजित किया है। अमेरिका एक वैश्विक आर्थिक शक्ति है, इसलिए यहां के चुनाव पर दुनिया नजरें टिकाए रखती है। क्योंकि जो भी अमेरिका का राष्ट्रपति चुना जाता है और वह अपनी पार्टी के मुताबिक नीतियों को अमल में लाता है तो विश्व प्रभावित हुए बिना नहीं रहता है। स्वाभाविक है भारत भी इस प्रभाव क्षेत्र का हिस्सा बनता है। भारत इस समय न केवल आर्थिक रूप से मजबूत है, बल्कि रक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होता देश भी है। अतएव अमेरिका का शुभचिंतक होना भारत के लिए विदेश नीति से जुड़े मुद्दों के नजरिये से महत्वपूर्ण है। ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, इसी कारण ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंधों को नए आयाम मिले थे। इनमें आतंकवाद और घुसपैठ के विरुद्ध मिला समर्थन तो रहा ही है, चीन और पाकिस्तान पर भी ट्रंप नकेल कसते रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह चुनाव ऐसे समय में जीता है, जब दुनिया में दो बड़े युद्ध सालों से चल रहे हैं। बावजूद अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिका द्वारा अनुशासित वैश्विक संस्थाएं इन युद्धों को रोकने में कोई भूमिका रेखांकित नहीं कर पाईं। यदि ये युद्ध नहीं रोके गए तो दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की ओर भी बढ़ सकती है ?

## राजनीतिक ध्रुवीकरण से जीत

संयुक्त राज्य अमेरिका की बागडोर एक बार फिर से ट्रंप के हाथ में है। ट्रंप की जीत आसान नहीं मानी जा रही थी। लेकिन उन्होंने दक्षिणपंथी नीतियों को अमल में लाने के भाषण देकर अमेरिकी मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने में सफलता हासिल कर ली। इसीलिए ट्रंप की जीत को अमेरिका में व्याप्त असंतोष की उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी आशंकाएं भी जताई जा रही हैं कि ट्रंप की इस जीत से अमेरिका में नस्लीयता बढ़ेगी और 'अमेरिका प्रथम' का दृष्टिकोण लेकर यदि ट्रंप आगे बढ़ते हैं तो समाज के वर्तमान मुद्दों के संदर्भ में ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। क्योंकि ट्रंप को मिली जीत भी राजनीतिक ध्रुवीकरण का परिणाम है। ट्रंप ने जीत के साथ ही कह दिया है कि मैक्सिको की सीमा पर दीवार उठाई जाएगी और एक करोड़ घुपैठियों को बाहर किया जाएगा। अपने पिछले कार्यकाल में भी ट्रंप इस दिशा में काम कर चुके हैं।

## भारतीय नीति का समर्थन

ट्रंप की यह नीति भारत की उस नीति का समर्थन है, जिसके तहत वह बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध घुसपैठियों को बाहर करने की निर्णायक कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। ट्रंप सोशल मीडिया पर बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्प संख्यकों पर हो रहे हमले और अत्याचार पर भी कड़ा रुख जता चुके हैं। ट्रंप के पिछले कार्यकाल की उदार नीतियों का ही परिणाम था कि भारत आई-2 और यू-2 अर्थात चार देश भारत, इजरायल, अरब-अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गठित



नया समूह, इसे आर्थिक सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच कहा जाता है। इसके अंतर्गत व्यापार, जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपाय, ऊर्जा सहयोग और अन्य महत्वपूर्ण साझा हितों पर आपसी तालमेल बनाए जाता है, जिससे इस समूहों के देशों का हित सुरक्षित हो। इसी समूह के अंतर्गत नई दिल्ली और वाशिंगटन यूरोप में समुद्री मार्ग से आवाजाही के लिए एक जहाजी गलियारा भी बनाने में लगे हैं। यह भारत से आरंभ होकर पश्चिम एशिया से गुजरता हुआ अमेरिका तक पहुंचेगा। चीन हिंद महासागर में समुद्री गलियारे को लेकर निरंतर हस्तक्षेप करता रहा है, ऐसे में यह गलियारा बन जाता है तो चीन का समुद्री जल मार्गों में दखल कम होगा। चीन के प्रति ट्रंप का रुख पहले भी सख्त रहा है। इसीलिए लगता है, ट्रंप इस गलियारे को अस्तित्व में लाने की दृष्टि से निर्णायक पहल करेंगे। अतएव इस नजरिए से ट्रंप की जीत भारत के लिए हितकारी उपलब्धि है। ऐसा भी माना जा रहा है कि ट्रंप उन देशों पर शुल्क और आयात प्रतिबंध लगाएंगे, जिनके बारे में उन्हें आशंका है कि ये देश अमेरिकी हितों के शुभचिंतक नहीं हैं। यदि ये उपाय संभव हुए तो भारतीय वस्तुओं के निर्यात के लिए नए बाजार खुल सकते हैं। बार्कलेज पीएलसी ने ट्रंप की जीत के बाद एक शोध रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि व्यापार नीति के लिहाज से ट्रंप एशिया के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। अनुमान है कि ट्रंप के शुल्क प्रस्ताव चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2 प्रतिशत की कमी लाएंगे और क्षेत्र की बाकी अधिक खुली अर्थव्यवस्थाओं पर दबाब डालेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, इंडोनेशिया और फिलिपींस सहित ऐसी अर्थव्यवस्थाएं उच्च शुल्क के प्रति कम संवेदनशील होंगी, जो घरेलू बाजार पर अधिक निर्भर हैं। ऐसा भी अंदाजा है कि ट्रंप भारत के मित्र होने के कारण भारत में स्थित अमेरिकी कंपनियों में बड़ा निवेश करने के रास्ते खोलेंगे। इसलिए कुल मिलाकर ट्रंप की जीत को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी सकारात्मक घटना मानी जा रही है। भारत अमेरिका को वाहन, कपड़ा और दवाएं ऊंची सीमा शुल्क चुकाकर निर्यात कर रहा है। अमेरिका भारत का इस समय सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ट्रंप ने संरक्षणवादी व्यापार को सुरक्षित रखने के उपाय किए तो भारत के निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## भारतीय छात्रों को ग्रीन कार्ड

ट्रंप ने अमेरिका में स्नातक कर रहे भारतीय छात्रों को ग्रीन कार्ड देने का वादा किया है। इस आधार पर पांच लाख भारतीय छात्रों को अमेरिका में प्रवेश, नौकरी या अन्य काम करने का अधिकार मिल सकता है। ट्रंप अमेरिका में छिपे बैठे खालिस्तानी आतंकी पन्नू और अन्य अपराधियों पर भी लगाम लगा सकते हैं। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य और आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। बाइडेन के कार्यकाल में ये शिथिल रहे। यदि ट्रंप इन्हें सक्रिय करते हैं तो पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

2020 में जब चीन और भारत के बीच लद्दाख के गलबान क्षेत्र में सैन्य झड़पें हुई थीं, तब ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से दोनों देशों के बीच समझौते के लिए मध्यस्थता करने की बात कही थी। लेकिन भारत की बड़ी चिंता ईरान को लेकर हो सकती है। भारत ईरान में चाबहार बंदरगाह बना रहा है। इसमें अरबों रुपये खर्च होंगे। ये बंदरगाह बन जाता है तो भारत को ईरान से तेल आयात करने में सुविधा रहेगी। ट्रंप ईरान पर नए सिरे से प्रतिबंधों पर भी फैसला ले सकते हैं। हालांकि इस समय भारत एक बड़ी आर्थिक और भूराजनीतिक शक्ति है और उसकी इस शक्ति का लोहा मुस्लिम देशों समेत पूरी दुनिया मान रही है। इन्हीं ताकतों का परिणाम है कि चीन का रुख बदला है और दोनों देश सीमा से सैनिक पीछे हटा रहे हैं और भारत-चीन सीमा पर शांति बहाल हो रही है।

# भारतीय हितों के कितना अनुकूल होंगे ट्रंप



**दो टूक**

अरविंद जयतिलक

वरिष्ठ स्तंभकार

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर सियासी जंग जीत ली है। ट्रंप की जीत इस मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण है कि अमेरिका में ऐसा सिर्फ दूसरी बार घटित हुआ है जब कोई राष्ट्रपति एक चुनाव हारने के बाद पुनः चार वर्ष बाद सत्ता की चौखट को लांघा है। यह जीत इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट में भी बहुमत हासिल की है। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के लिए आवश्यक 270 वोटों से भी अधिक मत हासिल कर अपनी लोकप्रियता को रेखांकित किया है। ट्रंप को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि वे भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच बेहतरीन दोस्ती है। दोनों नेताओं ने वैश्विक मंचों के जरिए इस दोस्ती को सार्वजनिक भी किया है। अब जब डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिकी सत्ता की कमान थामने जा रहे हैं तो ऐसे में भारतीय हितों की कसौटी पर उनके खरा उतरने को लेकर बहस होना लाजिमी है।

## मजबूत होंगे दोनों देशों में रिश्ते

वैसे उनके पहले कार्यकाल को देखें तो आभास होता है कि दोनों देशों के बीच सामरिक और कारोबारी रिश्ते मजबूत होंगे। देखें तो इसका संकेत डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव प्रचार के दौरान ही मिलना शुरू हो गया था। उन्होंने भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने के साथ ही अपनी प्राथमिकता में अमेरिका को पुनः महान बनाने की संकल्पना जाहिर की है। उन्होंने अमेरिका में मुस्लिम माइग्रेशन को अहम खतरा मानते हुए घुसपैठ के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है। उनका अवैध प्रवास का मुद्दा जनता से कनेक्ट कर गया। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान दो टूक कहा कि अमेरिकी नागरिकों की गाढ़ी कमाई का हिस्सा अवैध प्रवासियों पर खर्च नहीं होने देंगे। उन्होंने वादा किया कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर का रास्ता दिखाएंगे। उन्होने राष्ट्रवाद को हथियार बनाकर चुनाव लड़ा और कामयाब रहे। अब उन्हें अपने किए गए वादे पर खरा उतरने की चुनौती होगी। गौर करें तो अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर ट्रंप और मोदी की सोच एक जैसी है। जहां ट्रंप अमेरिका में अवैध घुसपैठ रोकने के लिए मैक्सिको से लगी सीमा पर दीवार बना रहे हैं वहीं मोदी अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए सीएए और एनआरसी जैसी पॉलिसी को धार दे रहे हैं। अगर भारत समान नागरिक संहिता की दिशा में आगे बढ़ता है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि बाइडन प्रशासन के मुकाबले ट्रंप प्रशासन का जोरदार समर्थन हासिल होगा। अगर डोनाल्ड ट्रंप किए गए वादे के मुताबिक अवैध घुसपैठ और आतंकवाद पर आक्रामक रुख अख्तियार करते हैं तो यह भारत के लिए अनुकूल होगा। ऐसा इसलिए कि भारत भी इस्लामिक आतंकवाद और घुसपैठ जैसी खतरनाक समस्याओं से जूझ रहा है।

## घुसपैठ के खिलाफ सख्त रुख

ऐसे में भारत भी अमेरिका की तर्ज पर पाकिस्तान



प्रायोजित आतंकवाद और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करेगा। फिर ट्रंप प्रशासन बाइडन प्रशासन की तरह मानवाधिकार का अनर्गल सवाल उठाकर भारत की घेराबंदी नहीं करेगा। ऐसा इसलिए कि ट्रंप ने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी आर्थिक मदद का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों पर खर्च करने के कारण कई आर्थिक प्रतिबंध थोपे थे। आज भी पाकिस्तान को लेकर उनका नजरिया वैसा ही है। इसीलिए ट्रंप के जीत से पाकिस्तान सहमा हुआ है। उसे डर है कि बाइडन सरकार की तरह अब उसे आर्थिक मदद मिलना आसान नहीं होगा। पाकिस्तान की तरह चीन भी ट्रंप की वापसी से खुश नहीं है। इसलिए कि ट्रंप चीन के विस्तारवादी नीति के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने पहले कालखंड में क्वॉड को मजबूती देते हुए चीन को कड़ी चुनौती पेश की थी। तब चीन चिढ़ गया था। माना जा रहा है कि चीन के बढ़ते आर्थिक दबदबे को रोकने के लिए ट्रंप सरकार उसके माल पर ज्यादा से ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी लगा सकता है। वे पहले कार्यकाल में भी इस नीति को आजमा चुके हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह स्थिति भारत के अनुकूल होगी। चीन के मुकाबले भारत में निवेश बढ़ेगा। लेकिन ध्यान देना होगा कि भारत में अमेरिकी उत्पादों पर लगने वाले टैरिफ से ट्रंप सहमत नहीं हैं। याद होगा उन्होंने भारत से स्टील और एल्यूमिनियम के आयात पर ड्यूटी लगा दी थी। वे चाहते हैं कि भारत के कई ड्यूटी फ्री उत्पाद टैक्स के दायरे में हों। समझना होगा कि डोनाल्ड ट्रंप 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नारे के साथ सत्ता में लौट रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए उनकी अमेरिका केंद्रित नीतियों से तालमेल बिठाना आसान नहीं होगा। लेकिन ट्रंप भी अच्छी तरह अवगत हैं कि भारत दुनिया का विशाल बाजार है। भारत को नाराज करके अपनी आर्थिक ताकत को मजबूत नहीं किया जा सकता।

गौर करें तो विगत कुछ वर्षों से भारत और कनाडा के रिश्तों में तल्खी बढ़ी है। हालात इस तरह खराब हुए कि दोनों देशों ने अपने-अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया है। इस तनाव के लिए मुख्य रूप से खालिस्तानी आतंकी और समर्थक जिम्मेदार हैं। इन्हें कनाडा की जस्टिन ट्रुडो सरकार का समर्थन और संरक्षण हासिल है। अब डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में वापसी के बाद उम्मीद जगी है कि गुरुपतवंत सिंह जैसे आतंकी के खिलाफ कार्रवाई होगी। भारत की कोशिश होगी कि न सिर्फ खालिस्तानी आतंकी गुरुपतवंत सिंह के खिलाफ ठोस कार्रवाई हो बल्कि ट्रुडो सरकार की भी बांह मरोड़ी जाए।

## अप्रवासियों को लेकर ट्रंप सख्त

ट्रंप सरकार ऐसा इसलिए कर सकती है कि ट्रुडो सरकार की नीतियां रिपब्लिकन नीतियों से बिल्कुल ही मेल नहीं खाती हैं। ऐसे में उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने मित्र ट्रंप के जरिए कनाडा सरकार पर दबाव बना सकते हैं। यहां ध्यान देना होगा कि ट्रंप की नीतियां अप्रवासियों को लेकर बेहद सख्त रही हैं। उनके पहले कार्यकाल में भारतीय पेशेवरों को अमेरिका में काम करने के लिए मिलने वाले एच वनबी वीजा लेने में काफी दिक्कतें आई थी। ऐसे में भारतीय पेशेवरों के लिए भी अमेरिका में रोजगार पाना आसान नहीं होगा। इसके लिए भारत सरकार को ट्रंप प्रशासन से ठीकठाक समन्वय स्थापित करना होगा। ऐसा इसलिए कि अमेरिका में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। ट्रंप ने चुनाव के दौरान महंगाई और बेरोजगारी खत्म करने का वादा किया है। अपने नागरिकों को नौकरी देना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में है। उनका माानना है कि अमेरिकी नौकरियों पर पहला हक अमेरिकी नागरिकों का होना चाहिए। जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी की नीति ठीक इसके उलट थी। इन परिस्थितियों के बीच देखना दिलचस्प होगा कि ट्रंप भारतीय हितों के कितना अनुकूल साबित होते हैं।

## भारतीय प्रवासियों के समक्ष पीएम का बड़ा बयान

# जस्टिन ट्रूडो ने कबूला, कनाडा में खालिस्तान के कई समर्थक मौजूद

वे अपने देश और भारत समेत कई देशों के निशाने पर

पीएम ट्रूडो ने कहा कि कनाडा में मौजूद खालिस्तान समर्थक और अलगाववादी देश में सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। खालिस्तानी अलगाववादियों की मौजूदगी के बारे में ट्रूडो का कबूलनामा भारत के इस रुख को साफ करता है कि कनाडा खालिस्तानी तत्वों को पनाह दे रही है।

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो का दोहरा चरित्र एक बार फिर उजागर हो गया है। खालिस्तानी आतंकियों को पनाह देने के आरोपों को लेकर लगातार उन पर और उनकी सरकार पर सवाल उठते रहे हैं। वे हमेशा से ऐसे अलगाववादियों को आतंकी मानने से इनकार करते रहे हैं और भारत पर ऐसे लोगों की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाते रहे हैं।

हालांकि, अब उन्होंने खुद कबूल किया है कि कनाडा में खालिस्तानी मौजूद हैं। दरअसल, ट्रूडो ने यह भी कहा कि खालिस्तान समर्थक और अलगाववादी कनाडा में सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। खालिस्तानी अलगाववादियों की मौजूदगी के बारे में ट्रूडो का कबूलनामा भारत के इस रुख को साफ करता है कि कनाडा सरकार खालिस्तानी तत्वों को पनाह दे रही है।

### मंदिर के बाहर हमले के बाद और बिगड़े रिश्ते

इससे पहले 6 नवंबर को ट्रूडो ने हाउस ऑफ कॉमन्स में कहा कि हिंसा भड़काने वाले लोग किसी भी तरह से कनाडा में सिखों या हिंदुओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। दरअसल, ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में एक वाणिज्य दूतावास शिविर पर खालिस्तान समर्थक उपद्रवियों ने हमला बोला था। इसमें पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। इसके बाद से ही ट्रूडो अपने देश और भारत समेत कई देशों के निशाने पर हैं।

■ ट्रूडो का दोहरा चरित्र एक बार फिर उजागर हुआ



### निज्जर की हत्या को लेकर विवाद

*ट्रूडो की यह टिप्पणी खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच बढ़ते कूटनीतिक विवाद के बीच आई है। सितंबर 2023 में दोनों देशों के बीच संबंधों में उस वक्त तनाव आ गया था, जब ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की भूमिका का आरोप लगाया था। भारत सरकार की ओर से वांछित आतंकी निज्जर को 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी।*

### भारत ने कड़े शब्दों में किया था खंडन

भारत ने नए आरोप को कड़े शब्दों में खारिज कर दिया और ओटावा में अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया। भारत ने देश से छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित भी कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने बार-बार कहा है कि कनाडा सरकार ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के सबूत साझा नहीं किए।

#### कनाडा में स्टडी परमिट निरस्त

### भारतीय छात्रों को लगा बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** कनाडा के इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटीजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) ने 19 सितंबर को 2025 के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्र अध्ययन परमिट पर प्रवेश सीमा में और कमी की घोषणा की। आईआरसीसी के इस कदम का भारतीय छात्रों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। आईआरसीसी 2024 के 485,000 नए अध्ययन परमिट जारी करने के लक्ष्य से 10 प्रतिशत की कमी के आधार पर 2025 के लिए अध्ययन परमिट में और कमी की घोषणा कर रहा है। इसके साथ, वे 2026 के लिए प्रवेश सीमा को स्थिर करने की योजना बना रहे हैं ताकि जारी किए गए अध्ययन परमिट की संख्या 2025 के समान ही रहे, यानी जारी किए गए अध्ययन परमिट को घटाकर 437,000 कर दिया जाए। कनाडा के आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय छात्र कार्यक्रम में सुधार कर रहे हैं, अस्थायी विदेशी श्रमिकों के लिए पात्रता आवश्यकताओं को कड़ा कर रहे हैं, नियोक्ता अनुपालन को और अधिक सख्ती से लागू कर रहे हैं। मिलर ने कहा कि धोखाधड़ी को कम करने के लिए श्रम बाजार प्रभाव आकलन को और अधिक कठोर बना रहे हैं। अतिरिक्त उपायों के रूप में, कनाडाई सरकार इस साल के अंत में मास्टर डिग्री छात्रों के जीवनसाथी के लिए वर्क परमिट पात्रता को सीमित करने की भी योजना बना रही है, जिनका कार्यक्रम कम से कम 16 महीने की अवधि का है। सरकार इस साल के अंत में प्रबंधन या पेशेवर व्यवसायों या श्रम की कमी वाले क्षेत्रों में काम करने वाले विदेशी श्रमिकों के जीवन साथियों तक ही वर्क परमिट पात्रता को सीमित कर देगी।




## यूएन में गरजे सुधांशु, पाकिस्तान को जमकर लगाई लताड़

# कहा- 'कश्मीर भारत का है, था और रहेगा' पाक के चिल्लाने से तथ्य नहीं बदल जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान एक बार फिर से कश्मीर का राग अलापने की कोशिश की। उसने एलओसी पर यूएन के पर्वक्षक समूह यूएनएमओजीआईपी की मांग करने की कोशिश की। इस पर यूएन में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे राज्यसभा के सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी पहुंचे हैं। बहस के दौरान पाकिस्तान ने बार-बार जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उछालने की कोशिश की। इस पर त्रिवेदी ने पाकिस्तान पर मंच को गुमराह करने के लिए बयानबाजी और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। त्रिवेदी ने कहा कि भारत पाकिस्तान द्वारा की गई टिप्पणियों के जवाब में जवाब देने का अपना अधिकार चुनता है, जिसने एक बार फिर से इस प्रतिष्ठित संस्था को उसके एजेंडे से भटकाने का प्रयास किया है। त्रिवेदी ने भारत की दृढ़ स्थिति को दोहराते हुए कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

### पाक इस झूठ से दूर रहे

*त्रिवेदी ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के लोगों ने हाल ही में अपने लोकतांत्रिक और चुनावी अधिकारों का प्रयोग किया है और एक नई सरकार चुनी है। पाकिस्तान को ऐसी बयानबाजी और झूठ से दूर रहना चाहिए, क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे। दरअसल, भारत की प्रतिक्रिया पाक प्रतिनिधि की टिप्पणियों के बाद आई, भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (यूएनएमओजीआईपी) की बात कही।*

## 'थिनक्यू 2024' के ग्रैंड फिनाले के बाद बोले नौसेना प्रमुख

# भारत के पास महासागरों की निगरानी के लिए प्रभावी तंत्र

'कौन कहां है और क्या कर रहा है' हमें सब पता

एजेंसी ▶▶ कन्नूर (केरल)

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा है कि भारत के पास महासागरों की निगरानी के लिए एक प्रभावी तंत्र है तथा यह इस बात से पूरी तरह से अवगत है कि 'कौन कहां है और कौन क्या कर रहा है' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के हितों के साथ कोई समझौता न हो।

नौसेना प्रमुख ने दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा दोहरे विमानवाहक पोत संचालन को भी खारिज करते हुए कहा कि 'इससे हमें चिंतित होने की जरूरत नहीं है।'



भारतीय नौसेना द्वारा शुक्रवार शाम आयोजित राष्ट्रव्यापी क्विज प्रतियोगिता 'थिनक्यू 2024' के ग्रैंड फिनाले के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए त्रिपाठी ने कहा कि भारत अपने हित के क्षेत्र में गतिविधियों पर कड़ी नजर रखता है।

### नवाचार सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक

त्रिपाठी ने कहा कि नवाचार नौसेना की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और भारतीय नौसेना हमेशा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शीर्ष पर बने रहना चाहती है। हम अपने अधिकारियों और कैडेट की भर्ती एक प्रक्रिया के तहत करते हैं। हम योग्यता का आकलन करते हैं। मुझे संसाधनों की गुणवत्ता की चिंता नहीं है जो हमें मिल रही है। नौसेना को उन दो युवा महिला अधिकारियों पर बहुत गर्व है जो 'नाविका सागर परिक्रमा-2' कर रही हैं।

## नीतीश कुमार ने फिर कहा

# सॉरी... मुझसे दो बार गलती हुई, अब दाएं-बाएं नहीं होगा

एजेंसी ▶▶ तरारी

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा से हमारा शुरू से रिश्ता रहा है। हम 2005 से मिलकर काम कर रहे हैं। हम लोगों ने सूबे के विकास के लिए काफी काम किया है। हमारा यह रिश्ता आगे भी कायम रहेगा। बीच में हमसे दो बार गलती हो गई थी। राजद के साथ हमने सरकार बनाई तो वो गड़बड़ करने लगा। यह मुझसे बर्दाश्त नहीं हुआ। मुझे अपनी गलती का अहसास हुआ। अब कोई दाएं- बाएं नहीं होगा। नीतीश ने लालू-राबड़ी सरकार के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि उनके राज में डर के मारे कोई घर से नहीं निकलता था। चारों ओर भय का माहौल था। वे हिंदू-मुस्लिम में झगड़ा कराने का काम करते थे। मुसलमानों को भाजपा के नाम पर डरा कर उनका वोट लेते थे बदले में मुसलमानों का कोई काम नहीं करते थे। हम लोग जब सता में आए तो सबके लिए काम करना शुरू किया।



# महाकुंभ का तोहफा, यूपी में 45 दिन नहीं कटेगा इन शहरों के हाइवे पर टोल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत में हर जगह कहीं भी यात्रा करने पर टोल टैक्स पड़ता है, वहां उसे टोल चुकाना होता है। भारत के सभी राज्यों में ये व्यवस्था है। अब आपको उत्तर प्रदेश में बिना टैक्स फ्री में सफर करने का मौका मिलेगा। बता दें कि अगले साल जनवरी में इलाहाबाद में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है और इसी को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मिलकर श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए तथा उन्हें बिना किसी परेशानी के कुंभ मेले तक यात्रा करने के लिए कई टोल प्लाजाओं पर टोल फ्री करने का फैसला किया है। यानी की जो श्रद्धालु अपने वाहनों से महाकुंभ में आएंगे उनको टोल टैक्स नहीं चुकाना होगा। बता दें कि सरकार की तरफ से दी जा रही यह छूट पूरे महाकुंभ तक जारी रहेगी। साल 2019 में भी जब कुंभ का आयोजन किया गया था तब भी यूपी सरकार ने टोल टैक्स फ्री कर दिया था।

### इन टोल प्लाजा पर टोल फ्री

यूपी सरकार की तरफ से महाकुंभ के दौरान 45 दिन तक, चित्रकूट राजमार्ग पर उमापुर टोल प्लाजा, लखनऊ राजमार्ग पर अंधियारी टोल, अयोध्या राजमार्ग पर मऊआइमा टोल, मीरजापुर मार्ग पर मुंगारी टोल, वाराणसी मार्ग पर हंडिया टोल, कानपुर मार्ग पर कोखराज टोल पर श्रद्धालुओं के वाहनों से टोल नहीं लिया जाएगा और इनको प्रयागराज में महाकुंभ के लिए फ्री एंट्री मिलेगी।

### भारी वाहनों वसूला जाएगा टोल

जहां यूपी सरकार ने श्रद्धालुओं के वाहनों को महाकुंभ में एंट्री के लिए टोल फ्री कर दिया है। लेकिन इस दौरान भारी वाहनों से तथा कमर्शियल वाहनों टोल टैक्स वसूला जाएगा। यानी जिन वाहनों में सरिया, बालू, सीमेंट या किसी भी तरह का कोई इलेक्ट्रिकल सामान या इलेक्ट्रॉनिक सामान लदा है सबसे टैक्स लिया जाएगा।

# नक्सलियों ने सिखाई सिद्दीकी को मारने वालों को गोली चलाना!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में लारेंस गिरोह का हाथ होने के बाद अब नक्सल कनेक्शन सामने आ रहा है। नई जानकारी के अनुसार बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए असल में दो प्लान बनाए थे। प्लान ए फेल होने पर प्लान बी के तहत सिद्दीकी की हत्या करवाने की बात थी। प्लान बी के तहत 6 और खास शार्प शूटर्स को हायर किया गया था। तीन आरोपी गौरव अपुने, रूपेश मोहोल और शुभम लोनकर प्लान बी के तहत गोली चलाने की प्रैक्टिस के लिए नक्सल प्रभावित झारखंड भी गए थे। मामले पर क्राइम ब्रांच की जांच से ग़्रह भी पता चला है कि, इन आरोपियों को किसी ने एके-47 दी थी।

### नक्सली इलाके में गोली चलाने की प्रैक्टिस

इस मामले में पुलिस सूत्रों की मानें तो पूछताछ के दौरान गौरव ने यह भी बताया कि वे झारखंड के नक्सल ग्रस्त इलाके में गए थे, जहां उन्हें एके-47 दी गई थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो जिस जगह इन तीन आरोपी ने गोली चलाने की प्रैक्टिस की थी, यह दरअसल नक्सल प्रभावित इलाका है।


## सुनहरे मौके बार-बार नहीं आते

प्लॉट - आवासीय, व्यवसायिक, शैक्षणिक, डुप्लेक्स आवास, फ्लैट्स, दुकानें विक्रय हेतु उपलब्ध।

सीमित संख्या में...

## निविदा सूचना

क्रमांक 14801 दिनांक : 28.10.2024

विक्रय योग्य सम्पत्तियां

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | **आवासीय भूखण्ड** (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 1979/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रु.16,27,450 - रु. 34,51,099/- |
| | | **आवासीय भूखण्ड** (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 1884/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 27 | 2064.5-8836.3 | रु. 38,89,556 - रु.1,66,47,589/- |
| | | **मिश्रित भूखण्ड** - दर रु. 3373/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रु.3,24,14,530/- |
| | | **व्यावसायिक भूखण्ड** - सेक्टर लेवल दर रु. 3300/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 20 | 757.07-1252.5 | रु.24,98,322 - रु.41,33,208/- |
| | | **डुप्लेक्स रो-हाऊस** | 9 | 545-798.3 | रु.24,60,767 - रु.32,37,435/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 121 | 645 | रु.19,00,000/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (2 बी.एच.के.) | 8 | 497 | रु.11,63,000/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) | 7 | 645 | रु.13,91,000/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ रायपुरा | **120 अपार्टमेंट** (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 2 | 1008-1061 | रु.21,30,000 - रु.22,43,000/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | **शैक्षणिक भूखंड**- दर रु. 415/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 27518 | रु.1,14,19,970/- |
| | | **दुकानें** - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रु.3,13,760 - रु.4,81,320/- |
| 4 | कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | **भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें**- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 5 | 478-494 | रु.27,15,040 - रु.28,05,920/- |
| 5 | शैलेन्द्र नगर योजना | **दुकानें (प्रथम तल)** - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-253 | रु.13,74,000 - रु.15,18,000/- |

● निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 29/10/2024 ● निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि - 29/10/2024 से 14/11/2024
● निविदा पूर्ण रूप भरकर जमा करने की अंतिम तिथि - 14/11/2024, दोपहर 2 बजे तक
● निविदा खुलने की तिथि - 14/11/2024, दोपहर 3 बजे

(**टीप** : छत्तीसगढ़ शासन की अधिसूचना क्रमांक - एफ 1-2/2024/एक-5 :: दिनांक 4 नवंबर 2024 के परिपेक्ष्य में निविदा की सभी प्रक्रिया के लिए 13 नवंबर 2024 की तिथि को परिवर्तित कर 14 नवंबर 2024 किया जाता है।)

संपत्तियों का आवंटन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र रायपुर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में रुपए 500/- का नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवसों व समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वेबसाईट से भी डॉऊनलोड किया जा सकता है। डॉऊनलोड किए गए निविदा प्रपत्र के लिए राशि रु. 500/- निविदा पत्र जमा करने के समय अतिरिक्त रुप से देय होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

## रायपुर विकास प्राधिकरण

भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है।
इच्छुक आवेदक संपत्ति क्रय/खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

जागो ग्राहक जागो


# मणिपुर में दरिंदगी के बाद महिला को जिंदा फूंका, जलाए 17 घर

एजेंसी ▶▶ जिरिबाम

मणिपुर के जिरीबाम जिले से एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। खबरों के मुताबिक कल रात एक 31 साल की आदिवासी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर उसको जिंदा जला दिया गया।

इस दौरान हथियारबंद हमलावरों ने गांव में ताबड़तोड़ फायरिंग की और लूटपाट तथा आगजनी की। ऐसा बताया जा रहा है कि हमलावरों ने 17 घरों को जला दिया। पुलिस के अनुसार, इस घटना में पीड़िता के साथ सामूहिक बलात्कार तथा हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।



### क्या बोली पुलिस

पुलिस ने एफआईआर में "नस्लीय और सामुदायिक आधार पर बलात्कार तथा हत्या" का जिक्र किया है। पीड़िता के पति ने पुलिस को शिकायत दी तथा बताया कि यह कृत्य अवैध घुसपैठियों की तरफ से किया गया था, लेकिन हमलावरों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

### जातीय संघर्ष से स्थिति गंभीर

मणिपुर में चल रहा जातीय संघर्ष प्रदेश में विभाजन की वजह बन चुका है। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई तथा आदिवासी कुकी समुदायों के बीच लगातार संघर्ष देखने को मिल रहा है। जिससे राज्य में हिंसा का माहौल बना हुआ है।0 अब तक इस संघर्ष में 230 लोगों की जान जा चुकी है और 50,000 लोग बेघर हो गए हैं।

### केंद्र से हस्तक्षेप की मांग

इस घटना के बाद आदिवासी संगठनों ने केंद्र की मोदी सरकार से मणिपुर में कुकी-जोमी-हमार समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है। चुराचांदपुर के आदिवासी संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने भी इस अपराध के जिम्मेदार लोगों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।

### गांव में उग्रवादियों का आतंक

इंडिजिनस ट्राइबल एडवोकेसी कमेटी ने बयान जारी कर बताया कि हमलावरों ने गांव में घुसते ही घरों में आगजनी कर दी और साथ ही गोलीबारी भी की। इस दौरान गांव के लोग जान बचाने के लिए जंगल की तरफ भागने लगे, लेकिन एक महिला फंस गई और उसके साथ सामूहिक दुराचार कर जिंदा जलाकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

## छठ पर लहंगा नहीं दिलवाया तो नाबालिग ने की आत्महत्या

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में छठ पर परिजनों द्वारा लहंगा नहीं दिलवाये जाने के कारण एक नाबालिग लड़की ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार को सुखपुरा थाना क्षेत्र के भलुही गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, नीलम (13) का शव घर में फंदे से लटका हुआ मिला।

पुलिस ने बताया कि नीलम कई दिनों से अपनी मां से लहंगा दिलवाने की जिद कर रही थी। अधिकारी ने बताया कि नीलम के पिता बाहर नौकरी करते हैं और परिजन आर्थिक संकट के कारण लहंगा नहीं दिलवा सके, जिससे परेशान होकर नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


रजिस्ट्री सं. डी. एल- 33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30102024-258360
CG-DL-E-30102024-258360
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II--Section 3--Sub-section(ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4376] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टूबर 29, 2024/कार्तिक 7,1946
No. 4376] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 29, 2024/KARTIKA 7, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर 2024

का.आ. 4753- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा दत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के गॉव- लिंगाड़ीह, भिलाई, चरौदा, तालुक-आरंग में NH53 के कि.मी. 79 से कि.मी. 92 .25 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् SDO (Revenue) आरंग को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के गॉव- लिंगाड़ीह, भिलाई, चरौदा, तालुक-आरंग में NH53 के कि.मी. 79 से कि.मी. 92 .25 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

7064 GI/2024

फाइल नंबर: 597/3A

जिला: रायपुर
अभय जैन, निदेशक

https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 29 October 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोट: इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

जब भी पैरेंटिंग की बात आती है तो मां-पिता से अपेक्षा की जाती है कि वे ही अपने बच्चों को अच्छी आदतें, गुण और संस्कार सिखा सकते हैं। यह बात सही भी है। लेकिन अगर हम चाहें तो अपने बच्चों को सिखाने के दौरान हम भी उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। यकीन मानिए, एक-दूसरे से सीखने-सिखाने का यह सफर बहुत प्यारा हो जाएगा।

बाल दिवस 14 नवंबर
विशेष

हर मां-बाप चाहते हैं कि उनके बच्चे समझदार, जिम्मेदार, विवेकशील और जागरूक इंसान बनें। वास्तव में हर बच्चा ऐसा बन सकता है, बशर्ते उसकी पैरेंटिंग सही तरीके से की जाए। उसे जरूरी और उपयोगी बातें, आदतें सरल-सहज तरीके से सिखाई जाएं।



# कुछ बच्चे सीखें कुछ सीखें मम्मी-पापा

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

जाने क्यों और कैसे यह मान लिया गया कि बच्चों को हरदम कुछ सिखाते-समझाते रहना ही पैरेंट्स का काम है। जबकि बच्चों से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। असल में पैरेंटिंग सीखने-गुनने का एक साझा सफर है। मन-जीवन की हिस्सेदारी वाली भाव भरी यात्रा, जिसमें बच्चों को नसीहतें देते पैरेंट्स खुद भी बहुत कुछ सीखते चलते हैं। वहीं अभिभावकों के शब्द ही नहीं हाव-भाव तक समझ लेने वाले बच्चे तो सब कुछ अपने बड़ों से सीखते ही हैं। ऐसे में सीखने-समझने का यह साझा सफर एक-दूजे को और गहराई से जोड़ता है। अनुभव और भोलेपन की यह साझेदारी, स्नेह-संवाद का प्यारा पुल बनाती है। यूं जुड़ाव भरी सोच के साथ बच्चे और बड़े आपस में जुड़कर कुछ सीखते-गुनते हैं तो जीवन को संवारने का पाठ दोनों ही पीढ़ियां साथ में पढ़ती हैं।

## निश्छल मन का पाठ

बच्चों का मन हर दुराव-छिपाव से परे होता है। देखा जाए तो बड़े भी मन-मस्तिष्क को दुनियावी उलझनों से दूर ही रखना चाहते हैं। हालांकि अभिभावकों के लिए व्यावहारिक रूप से सांसारिक समस्याओं से दूर रहना थोड़ा कठिन होता है पर बच्चों संग इस निश्छलता को जीवन में उतारना आसान हो जाता है। ऐसे में अपने बच्चों के बचपन को संवारते हुए मन को निश्छल बनाने का जतन तो हम कर ही सकते हैं। यह निश्छलता जिंदगी की जद्दोजहद में उलझे बड़ों को भी कितनी ही बातों से मुक्त कर देती है। फायदे-नुकसान से परे एक ऐसे वैचारिक भाव को पोषित करती है, जिसमें कोई द्वेष और चालाकी नहीं होती। मन संतोष और खुशी से भर जाता है। यह खुशी उस बेफिक्री की वजह से मिलती है, जो मन की सरलता के कारण बड़ों की झोली में आती है। आज के प्रतियोगिता भरे जीवन में इतनी भागम-भाग और कटुता व्याप्त हो गई है कि ना बेफिक्री बची है और ना ही सहजता। इन हालातों में बच्चों के व्यवहार में मौजूद भोलेपन और भावुकता का मेल ही, अभिभावक पीढ़ी के मन की निश्छल मिठास को बनाए रख सकता है। हंसते-खिलखिलाते हुए बच्चों की परवरिश के मोर्चे पर डटे अपनों के लिए, मानवीय व्यवहार की इस अनमोल नेमत को बचाना वाकई सहज होता है। बच्चों को जीवन के पाठ पढ़ाते हुए इमोशनल उलझनों के दौर में बड़े होकर भी निष्कपट सरलता का भाव बना रह सकता है। इससे अच्छा क्या हो सकता है कि नई पीढ़ी को भावी जीवन से जुड़ी बातें सिखाते हुए हमारी पीढ़ी उनसे निश्छलता का पाठ पढ़-सीख ले।



## बीते को बिसारने का सबक

आमतौर पर बड़ी उम्र के लोगों का मन सब कुछ समेटकर साथ लिए चलता है। खासकर दुःख-दर्द की पोटली तो भारी ही होती जाती है। जीवन के उतार-चढ़ाव की सहज स्वीकार्यता नहीं रहती। मन-जीवन को हल्का रखने का यह सबक बच्चों से सीखा जा सकता है। अपने बच्चों को देखिए और सीखिए कि कैसे बालमन, खुशी या तकलीफ दोनों को ही लंबे समय तक याद नहीं रखता। पल भर में उनकी नाराजगी दूर हो जाती है। चंद लम्हों में ही अपने प्यारे खिलौने के टूटने का दुःख भुला देते है। जीवन में अच्छा, बुरा समय आता जाता रहता है। सहजता से हर सुख-दुःख को स्वीकार कर आगे बढ़ने में ही जीवन की सार्थकता है। बालमन सिखाता है कि किसी एक घटना का साया जिंदगी के हर लम्हे को सूना और असहज नहीं बना देता। भूलकर आगे बढ़ना भी आवश्यक है। बीती बातों और हालातों को लेकर जीवन में हर समय गंभीरता नहीं ओढ़ी जा सकती। थोड़ी खिलखिलाहटें, थोड़ी मुस्कुराहटें जीवन को हर दिन नई ऊर्जा देती हैं। बीती को बिसारने का यह सबक बड़ों को मासूम बच्चों से सीखना होगा। समझना होगा कि कैसे हर हाल में खुश रहा जा सकता है। चोट पर फूंक भर मार देने से दर्द भुलाकर हंसने की राह चुनी जा सकती है। बालमन की खासियत है कि वह जो बीत गया, उसे जाने देता है। किसी खिलौने के टूटने पर रोते अपने बच्चे को सांत्वना और प्यार से समझाते पैरेंट्स, खुद भी बीती बातें भूलकर आगे बढ़ना सीख सकते हैं।



## साझी खुशियां जीने की सीख

बच्चे, अपना खिलौना अपने साथियों को दिखाने को आतुर रहते हैं। मिल-जुलकर हर खेल खेलते हैं। बचपन हर तरह से साझी खुशियों को जीता है। जबकि उनके पैरेंट्स यानी हम बड़ी उम्र के लोग अपने सुख साझा करने में हिचकते हैं। अपनी उपलब्धियां बताने से डरते हैं। इतना ही नहीं बड़ी उम्र के लोग कई तरह के भेदभाव और अलगाव को भी जीने लगते हैं। कारण चाहे परिवेश से जुड़ा हो या व्यक्तिगत सोच से, साझेपन का भाव कम होता जाता है। ऐसे में बालमन से, मेल-जोल और सुख-खुशियां साझा की सीख ली जा सकती है। अपने मन को सकारात्मक और सहज बनाया जा सकता है।

एक अंग्रेजी कहावत है 'हमारी आत्मा बच्चों के साथ रहने पर स्वस्थ होती है।' यानी बच्चों से मिलने और उनके साथ समय बिताने वाला हर इंसान आनंद की सौगात पाता है। असल में बच्चे ना केवल खुलकर खुशियां बटोरते हैं बल्कि बांटते भी हैं। कभी-कभी तो आंखों में आंसू और चेहरे पर हंसी एक साथ दिख जाते हैं। यह सरलता और स्वीकार्यता का भाव ही तो जीना आसान करता है। सबसे जोड़कर रखता है। बच्चों की खुशी एक समान होती है चाहे, उन्हें कोई माटी का खिलौना मिले या महंगा खिलौना। बड़े भी खुशियां बांटना और खुश रहना बच्चों से सीख सीखते हैं। इस तरह परवरिश की साझी यात्रा में दोनों पीढ़ियों के मन को सकारात्मकता से सींचा जा सकता है। *

## व्यस्तता के बीच साथ रहने का सुख

आज की वयस्क पीढ़ी में कमोबेश हर किसी को यह शिकायत है कि रचनात्मक सोच और सार्थक व्यस्तता से दूरी बढ़ी है। कोई काम-काजी आपा-धापी में गुम है तो कोई घरेलू जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ में। ग्रैंड पैरेंट्स के लिए तो खाली समय को बिताना ही एक समस्या बन जाता है। ऐसे में बच्चे और बड़े दोनों ही एक-दूजे से बहुत कुछ सीख सकते हैं। नई पीढ़ी अपने अभिभावकों और बड़े-बुजुर्गों से थोड़ा ठहराव बरतना सीख सकती है तो बड़े भी, अपने बच्चों से रचनात्मक व्यस्तता वाली क्लास के विद्यार्थी बन ही सकते हैं। असल में बालमन की व्यस्तता में नकारात्मकता का कोई भाव नहीं होता। खेल हो या पढ़ाई, उनकी व्यस्तता अर्थपूर्ण भाव लिए होती है। मन कुछ नया सीखने में व्यस्त रहता है। देखा जाए तो आज की वयस्क पीढ़ी में भी हर कोई व्यस्त ही है। जीवन की गति से तालमेल बनाए रखने को आतुर है। या यूं कहें कि जीवन से भी अधिक तेजी से दौड़ने को बाध्य है। हम भागे तो जा रहे हैं पर जितना स्वयं को उलझा रखा है, उसका हासिल क्या है, यह भी नहीं सोचते। ऐसे में हमारी व्यस्तता का भी अर्थपूर्ण और सकारात्मक होना आवश्यक है। इसके लिए अपने काम या नौकरी के अलावा बड़ों को भी कुछ ना कुछ क्रिएटिव करते रहना चाहिए। व्यस्तता के बीच अपने परिवार के संग कुछ पल बिताने, हंसने-खिलखिलाने का आनंद बच्चों के संग हम भी जरूर लें।







# अपने बच्चों को ऐसे बनाएं समझदार-जिम्मेदार-जागरूक

पैरेंटिंग
शिखर चंद जैन

बच्चों में सीखने की अपार क्षमता होती है। विज्ञान कहता है कि बच्चे नई चीजों, तकनीक, भाषा, शिष्टाचार या अनुशासन संबंधी बातें वयस्कों की तुलना में जल्दी सीख सकते हैं। बस जरूरत इस बात की है कि पैरेंट्स उन्हें सही और सहज तरीके से समझाएं, सिखाएं।

**अन्न का महत्व समझाएं:** पैरेंट्स को ध्यान रखना चाहिए कि वे हर रोज अपने बच्चों के साथ कम से कम दो बार खाना जरूर खाएं। इस दौरान बातों ही बातों में उन्हें अनाज आदि उगाने की जटिल और समय साध्य प्रक्रिया, अन्न, फल और सब्जियों जैसी जीवन के लिए जरूरी प्राकृतिक चीजों के महत्व और किसानों के कठिन परिश्रम के बारे में भी बताएं। उन्हें यह भी बताएं कि अपनी थाली में खाना जूठा ना छोड़ें, क्योंकि इसमें ढेर सारे लोगों की मेहनत और प्राकृतिक संसाधन खर्च होते हैं। इससे बच्चे को अन्न और खाद्य-पदार्थों की महत्ता पता चलेगी। आगे चलकर भी वो हमेशा अन्न की महत्ता को समझेगा।



**स्वावलंबन-अनुशासन का पाठ:** खाने के बाद उन्हें अपने बर्तन खुद धोने दें। स्कूल से आने के बाद बैग और यूनिफॉर्म को समेट सही स्थान पर रखें। सुबह नहाने से पहले अपने कपड़े खुद आलमारी से निकाल कर तैयार रखें। इस तरह के छोटे-छोटे कामों से बच्चे मेहनत की कीमत समझेंगे। कभी-कभी उन्हें अपने साथ खाना बनाने में मदद करने दें। उन्हें अपने हाथों से सलाद बनाना सिखाएं। छोटी-मोटी चीजें खरीदने के लिए पास के ग्रोसरी स्टोर पर भी भेजें।

**सिखाएं सामाजिकता-मिलनसारिता:** बच्चों को सामाजिक मेलजोल और मिलनसारिता सिखाने के लिए कभी-कभी उनके साथ पड़ोसियों के घर जाएं। उनके हाल-चाल जानें और प्रेम व्यवहार बढ़ाएं। रिश्तेदारों, बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी के घर जाएं या उन्हें अपने घर पर बुलाएं। इससे बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों से घुलने-मिलने का अवसर मिलेगा। वे सहजता से सामाजिकता और मिलनसारिता का पाठ सीख जाएंगे। उनका प्यार और भावनात्मक सहारा आपके बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। समय-समय पर किस्सागोई करते हुए अपने बचपन और अपने परिवार के पुराने दिनों के बारे में भी बच्चों को बताएं।


**बागवानी सिखाएं:** अपने बच्चों को किचेन गार्डन बनाने के लिए, बीज बोने के लिए प्रेरित करें। पेड़-पौधों के बारे में जानकारी होना भी बच्चे के विकास के लिए बहुत जरूरी है। ऐसी गतिविधियां आपके बच्चों को टीवी, मोबाइल फोन, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर रखने में भी मददगार होंगी। अपने बच्चों को बाहर जाकर खेलने दें। उन्हें हल्की-फुल्की चोट लगती है तो लगने दें। कभी-कभार दर्द सहना उनके लिए अच्छा होता है। उन्हें प्रकृति के करीब समय बिताने के लिए जरूर प्रेरित करें। हमेशा घर में रहने वाली आरामदायक जिंदगी बच्चों को सुस्त बना देती है।

**दया-परोपकार की भावना करें जागृत:** बच्चों के हाथ से कबूतरों को दाना, गाय को रोटी, डॉगी को बिस्किट, बिल्ली को दूध आदि दिलवाएं। घर या आस-पास के किसी बुजुर्ग या जरूरतमंद की मदद करने के लिए उसे प्रेरित करें। उसे दिखाएं कि उसकी मदद से इंसानों और पशु-पक्षियों को कितनी खुशी मिलती है। इससे बच्चे में दया-परोपकार की भावना विकसित होती है।

**अच्छी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें:** पत्र-पत्रिकाएं और किताबें, ज्ञान-सूचना पाने के अच्छे साधन हैं। अपने बच्चों को शुरुआत से ही प्रेरक और शिक्षादायक कहानी और ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने की आदत डलवाएं। महापुरुषों और सफल लोगों की जीवनियां पढ़ने को प्रेरित करें।

**अपने कार्य के बारे में बताएं:** आपके बच्चों को यह भी पता होना चाहिए कि आप कितनी मेहनत से नौकरी करके पैसे कमाते हैं, जो परिवार पर खर्च होते हैं। किसी खास अवसर पर या वर्ष में एक-दो बार संभव हो तो बच्चों को अपने वर्कप्लेस पर लेकर जाएं, जिससे वो समझ सकेंगे कि आप किस तरह उनके और परिवार के बाकी सदस्यों के लिए किस तरह का काम करते हैं, कितनी मेहनत करते हैं।

**शाबासी देना भी है जरूरी:** आपका बच्चा कुछ अच्छा काम करे या कोई सफलता हासिल करे तो उसे शाबासी देकर जरूर प्रोत्साहित करें। इसी प्रकार वह अगर चींटियों को मार रहा हो, पक्षियों पर पत्थर फेंक रहा हो या कुछ गलत कर रहा हो तो उसे समझाएं कि उसके इस काम से नन्हे जीव-जंतुओं को पीड़ा होती है। उसके सामने आप खुद भी दूसरे लोगों के प्रति और पशु-पक्षियों के प्रति दया का भाव दिखाएं। इस तरह आपके छोटे-छोटे प्रयासों से बच्चे में अच्छे संस्कार विकसित हो जाएंगे।*




दोहे
संदीप पांडे 'शिष्य'

मोबाइल से शब्दों की, हुई इस तरह हार।
एक इमोजी बन रही, सबकी रिश्तेदार।।
नेता ऐसे अभिनेता, बदला नहीं मिजाज।
वादे सारे भूलकर, पहन चले हैं ताज।।
आडंबर बाजार में, ऐसा हाहाकार।
निर्धन के दिल यों लगे, ज्यों बिजली का तार।।
लफ्फाजों की आजकल, दुनिया हुई मुरीद।
आम आदमी की मगर, उड़ी हुई है नींद।।
पिंडदान होने लगा, करुण भाव का आज।
मस्के का संपुट पढ़ें, लोभी धोखेबाज।।
सत्यवान का हाल है, बेसुर औ बेताल
सरगम गाता झूठ तो, बजा रहा है गाल।।
दुनिया के कोलाहल में, हुआ दिखावा और।
सीधे-सच्चे पर नहीं, किया किसी ने गौर।।

लघुकथा / गोविंद भारद्वाज

## बात का असर



शहर के मुख्य चौराहे के ट्रैफिक सिग्नल पर लाल बत्ती हो चुकी थी। मैंने अपनी गाड़ी रोक दी। अचानक मेरे पास एक चौदह-पंद्रह साल का लड़का आया।

'सर नमस्ते...।' उसने मुझे बड़े सम्मान के साथ हाथ जोड़कर नमस्कार किया।

मैंने भी जवाब में कहा, 'नमस्ते बेटा...।'

वह हल्की-सी मुस्कुराहट के साथ बोला, 'आप वही सर हैं ना, जो पर्यावरण दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में मेरे स्कूल आए थे। आपने पर्यावरण पर बहुत ही अच्छा भाषण दिया था। आज तक आपकी बातों का मुझ पर असर है।'

'अरे हां... याद आया, शहर के सरकारी स्कूल में गया था मैं। अरे वाह! तुम्हें अभी तक मेरा चेहरा और भाषण याद है, धन्यवाद बेटा।' मेरी नजर लाल बत्ती पर टिकी थी। 'एक बात कहूं सर, बुरा तो नहीं मानेंगे?' लड़का सकुचाते हुए बोला।

'कहो बेटा, बुरा क्यों मानूंगा।' मैंने तुरंत कहा। वह बोला, 'सर लाल बत्ती पर गाड़ी खड़ी रहने के बावजूद आपने इंजन बंद नहीं किया। पेट्रोल की बर्बादी के साथ-साथ वायु प्रदूषण भी हो रहा है। देखिए, बाकी सभी ने अपनी गाड़ियां बंद कर रखी हैं।' 'सॉरी बेटा.. तुम्हारी बात एकदम सही है।' मैंने गलती स्वीकारी। फिर बात पलटते हुए मैंने पूछा, 'बेटा तुम इस वक्त यहां?' वह मुस्कुराते हुए बोला, 'सर आज संडे है ना, आपके उस दिन के भाषण से प्रभावित होकर मैं स्कूल की छुट्टी के दिन पर्यावरण जागरूकता का काम करता हूं, शहर के किसी भी चौराहे पर।'

तब तक ट्रैफिक सिग्नल की बत्ती हरी हो चुकी थी। मैंने चुपचाप आगे गाड़ी बढ़ा दी। मन ही मन मैं अपने कृत्य पर शर्मिंदा था। *

व्यंग्य कथा / सूर्यकुमार पांडेय

## उम्मीद से...

कोरियाई कृतिकार के नाम नोबेल पुरस्कार घोषित होते ही हमारे इधर के एक अखिल भारतीय कॉलोनी प्रसिद्ध मेल (सबसे मेल रखने वाले) ने अपने को हिंदी साहित्य का 'हान कांग' घोषित कर दिया है।

वह अपने को लेखक कहते हैं।

मैंने उनसे कहा, 'आपका यह दावा हास्यास्पद है। हान कांग एक महिला साहित्यकार हैं।' वह बोले, 'पुरस्कार के लिए मैं किसी भी हद को लांघ सकता हूं। मेरी पुस्तकों से अधिक मेरे पुरस्कारों की संख्या है।' मैंने कहा, 'बधाई!'

वह मुझसे पूछने लग गए, 'आप अपने पिताजी के नाम से कब पुरस्कार घोषित कर रहे हैं?' *



विज्ञापन...
इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–


मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 19000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@.

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## मंत्री की गंभीर चूक

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति का एक लाईन ऑफ प्रोटोकॉल होता है। ये जब राज्यों के दौरे पर होते हैं तो इनकी अगुवानी करने के लिए मंत्रियों की तो दूर की बात राज्यपाल और मुख्यमंत्री को विमान लैंड करने से पहले एयरपोर्ट पहुंचना होता है। जबकि, विमान लैंड होने के बाद रनवे पर रेंगने, सिक्यूरिटी नार्म पूरा करने और दरवाजा खुलने में 20 से 25 मिनट तक लग जाता है, बावजूद इसके राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत वे तमाम विशिष्ट लोग एयरपोर्ट पर हाजिर रहते हैं, जिनके नाम स्वागत सूची में होते हैं। मगर छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव के अलंकरण समारोह में रायपुर पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के अगुवानी में एक मंत्रीजी ने इंतेहा कर दी। उपराष्ट्रपति का भारतीय वायु सेना का प्लेन देर शाम रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर लैंड किया। प्रोटोकॉल के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका, सीएम विष्णुदेव साय समेत वेलकम करने वाले सभी एयरपोर्ट पहुंच चुके थे। उपराष्ट्रपति विमान से उतरे तो कतार में सबसे आगे खड़े सबसे राज्यपाल ने उनका स्वागत किया, फिर मुख्यमंत्री ने। इसी बीच एक मंत्रीजी तेज कदमों से चलते हुए आए और लाइन के बीच में घुस गए। ठीक उसी तरह जैसे रेलवे के टिकिट काउंटर पर लोग बीच में घुस जाते हैं। इसे देख उपराष्ट्रपति के सिक्यूरिटी अफसर बेहद नाराज हुए। उन्होंने पूछा कि व्हाइस प्रेसिडेंट के विमान से उतरने के बाद टॉप सिक्योरिटी प्रीमाइसिज में मंत्री को इंट्री कैसे मिल गई? अब कोई क्या जवाब देता...मंत्री ठहरे, सो पुलिस वाले किंकर्तव्यविमूढ़ थे। कुल मिलाकर मंत्री जैसे जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा व्हाइस प्रेसिडेंट के प्रोटोकॉल और सिक्यूरिटी की धज्जियां उड़ाने से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी खफा बताए जा रहे हैं...स्वाभाविक भी है, कम-से-कम मंत्री से ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती। लेटलतीफी के लिए मशहूर रायपुर के एक भैया ने भी 35 साल के सार्वजनिक जीवन में कभी ऐसा नहीं किया, जो नए मंत्रीजी ने कर डाला।

## विजन डॉक्यूमेंट और दिवाली की खुमारी

विजन डॉक्यूमेंट-2047 बनाने वाला छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य बन गया है। अभी सिर्फ गुजरात का बना है...बाकी एमपी, राजस्थान, बिहार जैसे कई राज्य इसकी कवायद में लगे हुए हैं। मगर छत्तीसगढ़ आगे निकल गया। जाहिर है, राज्य में कोई अच्छी बात हो, तो प्रसन्नता स्वाभाविक है। मगर विजन डॉक्यूमेंट तभी प्रभावी होगा, जब आम आदमी का विजन भी बदले। लोग छुट्टियां का आनंद भी उठाएं और काम भी डटकर करें। छत्तीसगढ़ में विगत कुछ सालों से होली, दिवाली जैसे त्यौहारों में इंतेहा हो जा रही है। इस बार दिवाली गुरूवार को थी। शुक्रवार, शनि, रविवार की तो उम्मीद बेमानी थी। लगा सोमवार से सब कुछ पटरी पर आ जाएगा। मगर पूरा हफ्ता निकल गया। सोमवार, मंगलवर को सड़कें सूनी रही। हर आदमी को तीज-त्यौहार को इंज्वाय करने का अधिकार है। मगर ये भी सोचना होगा कि एक त्यौहार में 10-10 दिन तक स्टेट ठहर जाए, तो फिर छत्तीसगढ़ गुजरात कैसे बन पाएगा? कायदे से चीफ सिकरेट्री को रायपुर आईआईएम से इस पर काम कराना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के मेहनतकश लोगों के श्रम की यूपी, पंजाब और जम्मू में इतनी प्रशंसा क्यों होती है...वो चीजें लोकल स्तर पर क्यों नहीं?

## ह्यूमन रिसोर्स का कबाड़ा

चूकि उपर बात वर्क कल्चर और ह्यूमन रिसोर्स की हो रही तो इसका भी जिक्र लाजिमी है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में कलेक्टरों द्वारा नकल वगैरह करवाने के बाद भी फर्स्ट डिविजन वालों की संख्या 30 फीसदी से उपर क्यों नहीं जा पा रही। कलेक्टर और नकल...इस पर आप चौंकेंगे तो इसे क्लियर करना आवश्यक है। अधिकांश कलेक्टर अपने जिले का रिजल्ट ठीक दिखने के लिए स्कूल शिक्षा के अधिकारियों को बता देते हैं कि जैसे भी हो, जिले का परफार्मेंस खराब नहीं होना चाहिए। बहरहाल, कालेजों का हाल भी जुदा नहीं है। सरकारी कॉलेजों में संसाधन नहीं है और मोटी फीस लेने वाले प्रायवेट इंस्टिट्यूट डिग्री बेचने वाले केंद्र बनकर रह गए हैं। प्रायवेट कालेज वालों ने बीएड, फार्मेसी जैसे पाठ्यक्रमों के लिए बिना क्लास अटेंड किए परीक्षा में बिठाने 30 से 40 हजार रुपए का रेट निर्धारित कर दिया है। ऐसे में, छत्तीसगढ़ के ह्यूमन रिसोर्स का भगवान मालिक हैं। इस हालत में कल-कारखाने वाले दूसरे राज्यों से स्किल्ड लोगों को बुलाकर काम नहीं कराएंगे तो क्या करेंगे? बता दें, राज्य बनने के 24 सालों में ह्यूमन रिसोर्स को मजबूत करने पर कभी बात ही नहीं हुई।

## ठोकने वाला सीएम

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ठोकने वाले मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते हैं। दरअसल, विधानसभा का उनका एक चर्चित भाषण है, जिसमें वे कह रहे हैं कि माफिया लोग अपराध से बाज आए वरना उन्हें ठोक देंगे। और ऐसा हुआ भी। उत्तप्रदेश में बड़ी संख्या में माफियाओं के एनकाउंटर हुए। अब छत्तीसगढ़ में भी इसकी शुरूआत हो गई है। पुलिस ने 8 नवंबर को भिलाई में एक अपराधी को मार गिराया। बताते हैं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यद्यपि, मुख्यमंत्री का ऐसा स्वभाव नहीं। उनके स्वभाव से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री के एक करीबी ने चुटकी ली...छत्तीसगढ़ बदल रहा है तो मुख्यमंत्री का बदलना स्वाभाविक है। छत्तीसगढ़ बदलने का तात्पर्य उनका इस बात से था कि अपराध की प्रवृति बदल रही है। जाहिर है, गैंगवार में गोलियां बरस रही हैं। खैर...महत्वपूर्ण यह है कि पुलिस अब एक्शन में दिखेगी। क्योंकि, उपर से अब ठोकने जैसे निर्देश जारी हो गए हैं।

## एडीजी को नई जिम्मेदारी

एडीजी शिवराम प्रसाद कल्लूरी को डीजीपी अशोक जुनेजा ने प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। हिमांशु गुप्ता के डीजी जेल अपाइंट होने के बाद से यह पद खाली था। आईजी के तौर पर बद्रीनारायण मीणा प्रशासन संभाल रहे थे। यह नियुक्ति डीजीपी की सिफारिश पर हुई है। डीजीपी ने कल्लूरी का नाम रिकमांड किया और सरकार ने ओके कर दिया। हालांकि, आदेश डीजीपी ने ही निकाला। पीएचक्यू में खुफिया और फायनेंस एंड प्रोवजनिंग के बाद प्रशासन सबसे महत्वपूर्ण विभाग माना जाता है। कह सकते हैं कल्लूरी का कद बढ़ा है।

## इंद्रावती भवन का हाल खराब

सिकरेट्री की गंभीर चूक से मंत्रालय में जगह का टोटा पड़ने की तरकश की खबर के बाद स्तंभकार के पास कई लोगों के फोन आए कि विभागाध्यक्ष भवन का भी यही हाल है। इंद्रावती भवन बनाने के पीछे कंसेप्ट यही था कि पुलिस मुख्यालय और वन मुख्यालय को छोड़ सारे विभाग के लोग एक ही बिल्डिंग में बैठेंगे। इससे फाइलों की आवाजाही आसान होगी, काम स्मूथली होगा। मगर धीरे-धीरे जीएसटी, विकास भवन, पीडब्लूडी, हेल्थ जैसे कई अलग बिल्डिंगें बन गई। बावजूद इसके इंद्रावती भवन में जगह की कमी पड़ जा रही। वहां यह कोई देखने वाला भी नहीं कि जिस विभाग में कोई काम नहीं उन्हें भी उतना ही स्पेस मिला है और जिन विभागों में फाइलें दौड़ती रहती हैं, उन्हें भी उतना ही। फिर एक सवाल यह भी है कि नगरीय निकाय चुनाव के बाद जब संसदीय सचिव अपाइंट किए जाएंगे, तो वे कहां बैठेंगे। क्योंकि सिकरेट्री ब्लॉक में कमरे न होने से मंत्री ब्लॉक में कई सचिवों को बिठाया जा रहा है। नए साल में संसदीय सचिवों की नियुक्ति के बाद जीएडी सिकरेट्री अविनाश चंपावत के लिए यह एक बड़ा सिरदर्द बनेगा। क्योंकि, मंत्री ब्लॉक में बैठने वाले अधिकांश सिकरेट्री हाई प्रोफाइल वाले हैं।

## प्रमोशन में ब्रेकर

छत्तीसगढ़ के आईएफएस अधिकारी आईएएस, आईपीएस अफसरों की तरह खुशकिस्मत नहीं हैं। आलम यह है कि जनवरी में पीसीसीएफ का प्रमोशन ड्यू होने के बाद नवंबर आधा निकलने वाला है मगर उनकी फाइल किधर है, इसे कोई देखने वाला नहीं। 93 बैच में आलोक कटियार हैं और 94 बैच में अरुण पाण्डेय, सुनील मिश्रा, प्रेम कुमार और अनूप विश्वास हैं। इनमें से अनूप इसी महीने 30 नवंबर को रिटायर हो जाएंगे। सरकार ने इनकी अगर डीपीसी नहीं की तो अनूप के लिए बड़ा हार्डलक रहेगा। उन्हें बिना पीसीसीएफ प्रमोट हुए नौकरी से विदा लेनी पड़ेगी। हो सकता है कि इनमें से किसी अफसर विशेष के प्रमोशन को लेकर सिस्टम संशय में होगा, तो ऐसे मामलों से निबटने के लिए सिस्टम के पास बहुत सारे रास्ते होते हैं। उन्हें ड्रॉप कर बाकी की डीपीसी कराई जा सकती है।

## एंटीइंकाम्बेंसी

छत्तीसगढ़ में उल्टा हो रहा है...सरकार की जगह लोकल नेताओं की एंटीइंकाम्बेंसी बढ़ती जा रही है। कई जिलों में विधायकों और संगठन के स्थानीय नेताओं ने बेईमान सिस्टम से गलबहियां कर ली है तो कई जगहों पर ईमानदार सिस्टम बुरी कदर परेशान है। कांग्रेस शासनकाल में पिछले पांच साल में जो हुआ, उसी को बीजेपी के नेता आदर्श पथ मान चुके हैं। स्थिति यह है कि अधिकारियों, ठेकेदारों से विधायकों को भी खुशामद चाहिए और संगठन के जिला स्तर के नेताओं को भी। कांग्रेसी राज में जिस तरह जुआ, सट्टा, शराब के कारोबार पर लोकल नेताओं का वर्चस्व था, कमोवेश स्थिति बदली नहीं है। लॉ एंड आर्डर के लिए सारा ठीकरा पुलिस पर फोड़ना भी ठीक नहीं। पुलिस पर नेताओं का प्रेशर बढ़ता जा रहा। संवेदनशील मामलों में कोई मार्गदर्शन देने वाला नहीं। याने एसपी अपने स्तर पर निबटे। अगर लाठी चला दिया तो भी सस्पेंड होगा और नहीं चलाया तो भी। ये कितना अजीब है कि रुलिंग पार्टी के लोग थानों में हुड़दंग मचाने लगे हैं। मोदी युग में कम-से-कम ऐसी अपेक्षा नहीं की जा सकती। उपर बैठे नेताओं को कैडर को बताना चाहिए कि केंद्रीय नेतृत्व ने अगर जोर नहीं लगाया होता तो बीजेपी विपक्ष में बैठी होती। पीएम मोदी के अथक परिश्रम से बीजेपी सत्ता में आ गई है तो नेताओं को पार्टी की शुचिता का ध्यान रखना चाहिए। वरना, लोग जिस तरह कांग्रेस के समय ऐलान करने लगे थे कि इनमें से आधे विधायक भी दोबारा जीतकर नहीं आएंगे, वैसा ही कुछ बीजेपी के विधायकों के बारे में कहा जाने लगेगा।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. लोगों को आत्मनिर्भर बनाए बिना छत्तीसगढ़ का विकास संभव है क्या?
2. क्या नगरीय और पंचायत चुनाव तक लाल बत्ती पर अब ब्रेक लग गया है?

## ड्राइवर की संदेहास्पद मौत से मचा हड़कंप

**धमतरी।** धमतरी के अर्जुनी में मेटाडोर ड्राइवर की मौत से हड़कंप मच गया है। ड्राइवर का शव उसी मेटाडोर के डाला में लटकता मिला जिसका वह स्वयं चालक था। परिजनों ने युवक के शव को देखकर संदेह जताया कि यह आत्महत्या नहीं हो सकती। वहीं पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विवेचना कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी से खपरी मार्ग पर अर्जुनी मोड़ से कुछ दूरी पर ही गुड्डा मेटाडोर ट्रांसपोर्ट के ड्राइवर प्रफुल्ल कुमार उर्फ मोनू पिता दिलीप साहू उम्र करीब 24 वर्ष ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी की लाश उसी की गाड़ी के डाले पर लटकी देखी गई। इसकी सूचना शनिवार सुबह ग्रामीणों ने मेटाडोर के मालिक व पुलिस को दी। तत्पश्चात शव की शिनाख्ति करने के बाद इसकी सूचना परिजनों को दी गई। उनकी उपस्थिति में शव को फंदे से उतार पंचनामा कार्रवाई की गई।

## चलते ट्रक में लगी भीषण आग

**कवर्धा।** कवर्धा कोतवाली क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में ग्राम सिंघनुपरी के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि ट्रक में सरसों तेल के तीन भरे थे। ट्रक में अज्ञात कारणों से भड़की इस आग में जहां लाखों को खाद्य तेल जलकर नष्ट हो गया वहीं ट्रक भी खाक हो गया। इसे गनीमत ही कहें की इतनी भीषण आग में चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डॉयल 112 तथा दमकल की टीम ने आग पर काबू तो पा लिया है।

## मानसिक रोगी ने लगाई फांसी

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में मानसिक रोगी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना से मिली जानकारी अनुसार 8 नवंबर को ग्राम सरगी निवासी टिकेश्वर ध्रुव के चाचा देवकरण ध्रुव पिता चैनसिंग ध्रुव उम्र 34 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उसके चाचा देवकरण ध्रुव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गांव में मांग मांग कर भोजन खाता था तथा किसी भी घर के समाने, चौक-चौराहों पर सो जाता था। शुक्रवार को परिवार के सभी लोग खेत व बच्चे स्कूल गए थे। शाम 4.30 बजे खेत से आकर देखा कि उसका चाचा बरामदे के छज्जे के लोहे के हुक में प्लास्टिक रस्सी में फांसी पर लटका हुआ था। घटना की सूचना पुलिस थाने को दी गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शिवनाथ में कूदकर दी युवक ने जान

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने जान दी है। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुची। तीन घंटे की मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक युवक ने ग्राम पीपरछेड़ी शिवनाथ नदी ब्रिज के ऊपर से कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। शव का शिनाख्त खुर्सीपार निवासी अमित कुमार के नाम से हुआ। सूचना मिलने पर टीम में डीप डाइविंग जवान दिनेश चंद्राकर, चंद्रप्रकाश, थानेश्वर धनीराम यादव, इंद्रपाल यादव, आशीष सिन्हा, महेश गंधर्व,सूरज भांडेकर,हबीब खान शामिल थे।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम हाराडुला राईस मिल के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आने से चारामा निवासी 41 वर्षीय नजीत यादव का मौत हो गई। चारामा निवासी रंजीत यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक दीवाल में चढ़कर वेल्डिंग का काम कर रहा था।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर** 81091-35400.(RO-175)

**आवश्यकता है-** साई कृपा फ्यूल्स इण्डियन ऑयल पेट्रोल पंप(विधानसभा रोड मोवा) में काम करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है Cont- 7987961124, 7987103244.(RO-5997)

### इंजीनियर/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु सेल्स पर्सन - 2,मैकेनिकल इंजीनियर डिग्री/डिप्लोमा -3, परचेस पर्सन - 2,कंप्यूटर ऑपरेटर - 2,फील्ड ऑपरेटर - 2, हैल्पर,वेल्डर, फिटर की अवश्यकता है **संपर्क -पाल बॉडी वर्क्स, टाटीबंध चौक,रायपुर । मोबाइल - 90398 57933, 9685697933.**(RO-336)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** Hari group हेतु सिक्योरिटी गार्ड - 40, सुपरवाइजर - 05, फील्ड आफिसर (अनुभव 05 वर्ष ) - 03, लेडीज गार्ड - 10, हाउसकीपीग बाई - 10, गनमेन 05 वेतनमान - 10500 से 15000/- **स्थान - कृष्णा प्लाजा अश्वनी नगर सुन्दरनगर रायपुर मोब - 7509025000, 7909336654.**(RO-5994)

**आवश्यकता है-** भरोसेमंद सिक्युरिटी व हाउस कीपिंग के लिए संपर्क करें। सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग जॉब के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। **सम्पर्क- निरुपमा सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग सर्विस मो. 9179159106.**(RO-5993)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016.**(RO-om)

### टीचर

**आवश्यकता है-** शिक्षक शिक्षकों की आवश्यकता है। विषय कॉमर्स समूह, सामाजिक विज्ञान, का नया सवेरा उच्चतर माध्यमिक शाला **गोकुल नगर, रामनगर रायपुर मोबाइल- 9993453324.**(RO-5999)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव -02 सैलरी योग्यता अनुसार, अनुभवी को प्राथमिकता **पता-आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी (आर्थराइड डिलर फिनोलेक्स पाईपस एंड फिटिंग) नरसिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 07 के पास गुढ़यारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल - 8435904413.**(RO-6402)

### ड्राइवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की जो की ऑटोमैटिक और मैन्युअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए, ड्यूटी टाइम सुबह 8:30 - शाम 7:30 तक रहेगा ।वेतन योगता अनुसार। **स्थान: मेट्रो हाइट सोसाइटी,तेलिबांधा, रायपुर सॉम्पर्क करें: 9755777774.**(RO-M)

**आवश्यकता है-** चुस्की चायपत्ती में गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क- Jain Traders नियर SBI ATM के सामने गली सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 74699-80000, 0771-4075490.**(RO-5996)

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना:- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें)। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 19000/- प्रतिमाह। **पता- सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक:- 9340730994.**(RO-21)

**आवश्यकता है-** अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा दुर्ग हेतु बस ड्राइवर की आवश्यकता है। 2 पद, अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन। **संपर्क:** 09584384791. (आरो नं. 620)

### कुक/वार्डन

**आवश्यकता है-** कुक / वार्डन की आवश्यकता है आदर्श गर्ल्स हॉस्टल नेहरूनगर पूर्व भिलाई में खाना बनाने महिला या पुरुष कुक एवम गर्ल्स की देखरेख करने पूरे समय के लिए सिंगल विडो महिला वार्डन की आवश्यकता है आवास एवं भोजन सुविधा उपलब्ध 9424119112.(आरो नं. 623)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षण अधिकारी- 2 पद ट्रेड इलेक्ट्रीशियन एवं फ़ीटर।योग्यता ITI pass एवं 03 वर्ष अनुभव।अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन। **संपर्क: अग्रसेन प्रा. आईटीआई कोहका भिलाई जिला दुर्ग। आवेदन मेल करें:** agraseniti@gmail.com (आरो नं. 619)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। **6265100904.**(RO-3078)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1647)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर वीआईपी रोड राम मन्दिर के पास बच्चा सम्हालने हेतु २४ घंटे वाली लड़की की जरूरत है, रहना खाना दिया जायेगा, उचित तनख्वाह और अलग से रहने कमरा मिलेगा.. **संपर्क:- 7000989337, 8839751934.**(RO-M)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड- 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं:- MBBS- 5पद , BSC/ GNM/ ANM (Nursing)- मेल 10- पद/फीमेल 10-पद, ICU इंचार्ज- मेल 10- पद/ फीमेल 10- पद, BAMS Dr.-5 पद ,X Ray Tech.-5 पद, Lab Tech.-5 पद,OT Tech.-5 पद,फ्लोर मैनेजर (12वी पास) - 5पद, Sonologist-2 पद, Radiologist- (MD/DMRD/DNB/DMRE )-2 पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी/नये लड़के चाहिए-5 पद, **संपर्क करें- 93031-58018, 75870-08451, 99071-27097** (आरो नं. 6393)

### शॉप/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एंव सेल्समैन की आवश्यकता एवं बिलिंग (TALLY) के लिए लड़का /लड़की की आवश्यकता है **मोबाइल- 7067048454.**(RO-507)

### सुपरवाइजर/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** टाउनशिप प्रोजेक्ट हेतु अधिवक्ता, कांट्रेक्टर, लैंडस्केपिंग, बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर, सुपरवाइजर, ड्राफ्ट्समैन, सिक्योरिटी, मार्केटिंग टीम, अकाउंटेंट । बायोडाटा सहित **संपर्क करें:– प्राइम ग्रुप, सिविल लाइन, रायपुर 9179455768, 7415365553.**(RO-3079)

### कैप्टन/वेटर्स

**आवश्यकता है-** होटल एंबेसडर, घड़ी चौक, रायपुर में कैप्टन(2) और वेटर्स(4) के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क** 9424242116.(RO-340)

### डाटा एंट्री ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु ग्रेजुएट पास डाटा एंट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000/- प्रतिमाह मो. **8461886239.**(RO-6401)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** मेल/फीमेल, लड़के एवं लड़कियों की जो पार्ट टाईम या फुल टाईम काम करे छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों हेतु मोबाइल + गाड़ी जरूरी हैं, वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें** 8871646292.(RO-om)

### डिजाइनर/अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु टेली एकाऊँटेंट एवं ग्राफिक्स डिजाइनर (कोरल ड्रा, फोटोशॉप, हिंदी, अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान) चाहिए। **पुर्वा ग्राफिक्स, ललिता चौक, बढ़ईपारा 7000230690, 7987029263.**(RO-1783)

### मजदूर/मिस्त्री

**आवश्यकता है-** दाल मिल में कार्य हेतु 04 मजदूर एवं 01 मिल चलाने के लिए अनुभवी मिस्त्री/ कार चलाने हेतु ड्राइवर वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क- 9826141178 कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु विधानसभा रोड रायपुर छत्तीसगढ़** (RO-5998)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** किराना व डेलीनिड्स की दुकान को संचालित एवं कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है (अनुभवी को प्राथमिकता) **संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर- 6 भिलाई मो.- 9826684859.**(RO-6392)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261- 13735 समय 11:00 से 8:00 बजे**(RO-7410)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** चंदखुरी रायपुर स्थित कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर/ केयर टेकर/ कुत्तों की देखभाल, खाना खिलाने का काम है. वेतन 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी **संपर्क ना करें- मो. नं. 7225888800.**(RO-6960)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़किया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, CALL // WHATSAPP **करे : - 7762065867.**(RO-om)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-750)

## Medical चिकित्सा

**चिकित्सा-** *होमियोपैथी परामर्श* समय प्रत्येक शनिवार व रविवार के लिए समय प्रातः 08:00 से 11:00 (केवल शनिवार को "निःशुल्क" परामर्श) रविवार को अपाइंटमेन्ट **मो.- 7240844677, डॉ. शर्मा (एम.डी.), 252 डफोडिल पार्थिवी पैसिफिक अपार्टमेंट्स एम्स के पास, टाटीबंध, रायपुर** (RO-5992)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखाइया "बईगा" सब्बो समस्या के समाधान काली माई के शक्ति से पूजा पाठ लड़ाई- झंझट, जुन्ना बीमारी, बैरीले छुटकारा, बिहाव में देरी, लइका होय में देरी, पढ़ई में मन नई लागय ता एक बार अवश्य मिलव **मो. 8461886239.**(RO-6000)

**ज्योतिष -** बाबा सुलेमान सिद्धि प्राप्त स्पेशलिस्ट मनचाहा प्यार, कारोबार, गृह क्लेश, लव मैरिज , पति- पत्नी में अनबन, सन्तान प्राप्ति , सौतन- दुश्मन से छुटकारा प्रेम समस्या घर बैठे A to Z **समाधान -9639139839.** (RO-516)

क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा 600 एव 800 एव रायपुरा 750 मे वर्गफुट 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया बेचना है **संपर्क 9300505421, 9993451070.**(RO-om)

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है** -शिवनाथ काम्पलेक्स सुपेला भिलाई में श्रेयांश मेडिकल के पीछे स्थित 8600 वर्गफीट कॉमर्शियल प्लाट बेचना है। **संपर्क:- 9754697838.**(आरो - 622)

**बेचना है-** दुर्ग जिले में प्लॉट मकान कृषि भूमि सबसे बढ़िया दाम में बेचने और खरीदने का सबसे भरोसेमंद नाम परिहार प्रोपर्टीज 07389902902, 7389312902 कृपया विवादित सौदे ना लाए। (आरो.-SPD/829)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## वैवाहिकी

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**

गुजराती 44 वर्ष 5'11", स्वयं का व्यवसाय **इनकम 40,000 मासिक** युवक हेतु कन्या चाहिए, उच्च जाति बंधन नहीं संपर्क करें
(मैरिज ब्यूरो वाले कॉल न करें)
**मो.नं.:-98271-14645 91311-39179**

### परिचय सम्मेलन

पंजीयन क्र. 1582/69
**म.प्र. राजपूत समाज**
7वा अ.भा.क्षत्रिय/राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन
रविवार, 15 दिसंबर 2024
महाराणा प्रताप भवन, चार इमली मेन रोड नं. 3 भोपाल -16 (म.प्र.)
योग्य व उत्तम जीवनसाथी चयन हेतु आज ही हमारी वेबसाइड पर पंजीयन करायें।
web:- www.mprajputsamaj.org
ऑनलाइन पंजीयन हेतु अंतिम तिथि गुरुवार, 05 दिसंबर 2024
इस अवसर पर बहुरंगीय राजपूत दर्पण सामाजिक पत्रिका सभी युवक-युवतियों के रंगीन फोटो+बायोडाटा सहित प्रकाशित की जाएगी
Email:- mprajputsamaj1582@gmail.com
मो. 91790 81582, 98274 47630
98260 15148, 94250 04866

### वर चाहिए

**वर चाहिए**

अनमैरिड 15/03/1979 हाईट 5फुट एमकॉम, अपना फार्म हाउस, 15एकड़ जमीन, सालाना 25लाख कमाई है, बेरोजगार को प्राथमिकता, सभी मान्य
(झूठे टाइम पास वाले क्षमा)
जाति बंधन नहीं
सम्पर्क करें
**9179472796 9955827006**

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बेटे को मम्मी-पापा दोनों चाहिए...

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल नताशा स्टैनकोविक बीते कुछ वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस की शादी स्टार क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ हुई थी, लेकिन फिर कुछ निजी



कारणों के चलते दोनों ने अपनी राहें अलग करने का फैसला कर लिया। बेटे की कस्टडी नताशा को मिल गई और इसके बाद से वह ज्यादातर वक्त भारत के बाहर ही रही हैं। नताशा की पर्सनल लाइफ की झलकियां फैंस को मिलती रहीं, लेकिन हार्दिक से तलाक के सवाल पर वह खामोश ही रहीं। बीते पांच सालों से फिल्मों और किसी भी तरह के काम से दूर रहीं नताशा ने फाइनली अब चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि चीजें धीरे-धीरे हो रही हैं और वह काम की तलाश में हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि वह अब काम नहीं करेंगी और उन्हें ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि वो सोच रहे हैं कि बेटे अगस्त्य के साथ वह वापस सर्बिया शिफ्ट हो जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं है।

## राजकुमार संतोषी ने किया था डायरेक्शन, 5 साल में बनकर हुई तैयार फिल्म

# 1996 की सुपरहिट फिल्म, रिलीज के बाद अभिनेत्री ने बॉलीवुड से कर लिया था किनारा

*28 साल पहले दमदार कहानी वाली एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका बॉक्स ऑफिस पर खूब डंका बजा था। फिल्म को बनने में पांच साल लग गए थे और रिलीज के बाद सुपरहिट साबित हुई थी। लेकिन हैरानी की बात है कि सिनेमाघरों में मूवी के लगने के बाद हीरोइन ने बॉलीवुड छोड़ दिया था। वैसे मूवी ने लागत से कई गुना ज्यादा कमाई कर इतिहास रच दिया था। उस फिल्म का नाम है 'घातक'।*

**नई दिल्ली।** 'घातक' साल 1996 की हाईएस्ट ग्रोसिंग फिल्मों में से एक है। इसमें सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्रि की जोड़ी नजर आई थी। अमरीश पुरी भी फिल्म का हिस्सा थे और उन्होंने सनी देओल के पिता का किरदार निभाया था। सिल्वर स्क्रीन पर सनी देओल और मीनाक्षी शेषाद्रि की केमिस्ट्री छा गई थी। इस फिल्म का डायरेक्शन राजकुमार संतोषी किया था। उस दौरान में एक्टर और डायरेक्टर की जोड़ी सुपरहिट साबित हुई थी। वैसे 'घातक' को बनने में पांच साल का वक्त लगा था, क्योंकि राजकुमार संतोषी 'अंदाज अपना अपना' और 'बरसात' जैसी फिल्मों में बिजी थे।



### बनारस में हुई थी शूटिंग

'घातक' की ज्यादतर शूटिंग बनारस शहर में हुई थी। इसमें डैनी डेन्जोंगपा की खलनायकी के खूब चर्चे हुए थे। विलेन कात्या का रोल निभाकर वह छा गए थे। 'घातक' में डैनी और सनी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली थी। मुकेश ऋषि, दीप ढिल्लों, टीनू वर्मा, टीनू आनंद, अंजन श्रीवास्तव और केके रैना जैसे सितारे भी फिल्म में नजर आए थे।

### दुनियाभर में किया था जबरदस्त बिजनेस


'घातक' ने दुनियाभर में जबरदस्त बिजनेस किया था। बॉक्स ऑफिस इंडिया के मुताबिक, सनी देओल की 'घातक' की मेकिंग पर 6.25 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। देशभर में फिल्म ने 15.21 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, दुनियाभर में टोटल कमाई 26.57 करोड़ रुपए हुई थी।

### मीनाक्षी की आखिरी फिल्म हुई साबित

सनी देओल की 'घातक' मीनाक्षी शेषाद्री की आखिरी फिल्म साबित हुई थी। करियर के पीक पर 'घातक' की रिलीज के बाद उन्होंने बॉलीवुड को अलविदा कह दिया था। बताया जाता है कि मीनाक्षी शेषाद्रि इनवेस्टमेंट बैंकर हरीश मैसूर से शादी रचाकर अमेरिका में बस गई थीं। 'घातक' सनी देओल के करियर की पॉपुलर फिल्मों में से एक है। आज भी लोग इस मूवी को बड़े चांव के साथ देखना पसंद करते हैं। इस मूवी के लिए अमरीश पुरी ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था। वैसे सनी देओल बेस्ट एक्टर के लिए नॉमिनेट हुए थे, लेकिन फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाए थे।

# 37 साल पहले किया ऐसा कमबैक, टिकट खिड़की के बाहर लग गई थी एक किमी लंबी लाइन...

नई दिल्ली। दिग्गज एक्टर विनोद खन्ना ने बॉलीवुड में अपनी एंट्री से धमाल मचा दिया था। उन्हें अमिताभ बच्चन को कांटे की टक्कर देने वाला एकमात्र स्टार माना जाता था। हालांकि, विनोद खन्ना ने अपने करियर के पीक पर बॉलीवुड छोड़कर अमेरिका में ओशो आश्रम जाने का फैसला किया था। 5 साल तक बड़े पर्दे से दूर रहने के बाद उन्होंने साल 1987 में रिलीज हुई फिल्म 'इंसाफ' के साथ धमाकेदार वापसी की। फिल्ममेकर-एक्टर अनंत महादेवन ने बताया कि उस वक्त टिकट खिड़की के बाहर लोगों की एक किलोमीटर से भी ज्यादा लंबी लाइन लग गई थी। एक इंटरव्यू में अनंत महादेवन ने विनोद खन्ना की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैं विनोद खन्ना जैसे महान व्यक्तित्व के साथ काम करना चाहता था। जब आप किसी चीज को सच्चे दिल से चाहते हैं, तो वह सच हो जाती है। जब मैंने रेड अलर्ट नक्सलियों पर आधारित फिल्म बनाई, तो उसमें एक शानदार कास्ट थी जिसमें आशीष विद्यार्थी, समीरा रेड्डी और सुनील शेट्टी शामिल थे। विनोद खन्ना ने फिल्म में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मुझे उन्हें देखने, उनके साथ खड़े होने और उनके साथ परफॉर्म करने का मौका मिला।'




### जैसा था क्रेज, वैसा नहीं दिखा पाई कमाल

अनंत महादेवन ने बताया कि ओशो आश्रम से लौटने के बाद विनोद खन्ना की कमबैक फिल्म 'इंसाफ' को लेकर कैसा माहौल था। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है जब इंसाफ रिलीज हुई थी। यह उनकी ओशो आश्रम से वापसी के बाद पहली फिल्म थी। उनका चार्म ऐसा था कि लोग अप्सरा थिएटर से लेकर मराठा मंदिर तक एडवांस टिकट खरीदने के लिए लाइन में खड़े थे और यह दूरी एक किलोमीटर से भी ज्यादा थी। हालांकि, इंसाफ को लेकर जैसा क्रेज था, वैसा बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कमाल नहीं दिखा पाई थी।'

### फिक्स थी विनोद खन्ना की फीस

उन्होंने आगे बताया कि विनोद खन्ना की फीस फिक्स थी। अनंत ने बताया कि, 'वह बहुत हंसमुख और अच्छे इंसान थे। जब भी मैं उनके पास कोई रोल लेकर जाता था तो वह कहते कि अनंत, तुम मुझे जानते हो, मेरी एक फीस फिक्स है 35 लाख. मैं 35 लाख रुपए लेता हूं। अब तुम मुझे एक दिन के लिए शूट कराओ या फिर 20 दिन। मेरी फीस वही रहती है। उनकी एक ही फीस थी।' मालूम हो कि अनंत महादेवन और विनोद खन्ना ने 'रेड अलर्ट' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में काम किया था।

# यश की 'टॉक्सिक' में होगा एक्शन का धमाल...




**नई दिल्ली।** कन्नड़ सुपरस्टार यश अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। उनका इस आगामी फिल्म में एक्शन का धमाल देखने को मिलेगा। इसके लिए खास तैयारी जारी हैं। हॉलीवुड के मशहूर एक्शन डायरेक्टर और स्टंटमैन जेजे पेरी भी टीम से जुड़ गए हैं। शनिवार को उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने कहा कि वे पहली बार मुंबई आए हैं। साल 2022 में यश जब अमेरिका गए थे तब वहां उन्होंने जेजे पेरी से मुलाकात की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वे मिलिट्री-ग्रेड राइफल चलाते नजर आए। एक्टर अमेरिका में फायरिंग रेंज में राइफल के साथ प्रैक्टिस करते नजर आए थे।

# नयनतारा पर बनी डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा की बायोग्राफी फिल्म 'नयनताराः बियॉन्ड द फेरीटेल' का ट्रेलर फ्लिक्स ने रिलीज कर दिया है। यह डॉक्यू फिल्म 18 नवंबर को रिलीज होगी। ट्रेलर में नयनतारा खुद ही अपने करियर में संघर्ष, ऊंचाई और पति विग्नेश से प्यार फिर शादी से जुड़ी खास बातें बताती नजर आ रही हैं। इस ट्रेलर में उनकी फिल्मों और उपलब्धियों के साथ संघर्ष को भी दिखाया गया है। ट्रेलर को एक डॉक्यूमेंट्री फॉर्म में बनाया है। इस ट्रेलर में नयनतारा उनके पति विग्नेश और नयनतारा की मां भी नजर आ रही हैं। सभी अपने तरीके से नयनतारा के बारे में बता रहे हैं। नयनतारा को मिले अवॉर्ड्स और फिल्म के कुछ हिस्सों को भी इस बायोग्राफी का हिस्सा बनाया गया है। नयनतारा को दोस्त और करीबियों ने भी उन्हें लेकर कुछ बातें कही हैं। नयनतारा को लेकर उनके दोस्तों और करीबियों ने लेडी सुपरस्टार बताया है। नयनतारा को लेकर साउथ सितारों ने कहा कि महिला कलाकारों के लिए जितने भी नियम बनाए गए हैं। नयनतारा इन सभी को गलत साबित करती नजर आई हैं।





# शराब से लोगों को रहना है दूर : मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। अर्जुन कपूर ने कुछ दिनों पहले ही ब्रेकअप कन्फर्म किया है। अब इस बीच मलाइका ने वेलनेस चैलेंज लिया है। मलाइका ने दरअसल इंस्टाग्राम पर नवंबर चैलेंज शेयर किया है जिसमें वह बात कर रही हैं शराब और टॉक्सिक लोगों से दूर रहने की बात कर रही हैं। मलाइका का जो नवंबर चैलेंज है उसमें है नो शराब, 8 घंटे की नींद, एक मेंटोर का होना, रोज एक्सरसाइज, 10 हजार स्टेप रोज, 10 बजे से पहले तक फास्ट रोज, बाहर का खाना अवॉइड, रात के 8 बजे के बाद नहीं खाना। टॉक्सिक लोगों को हटाना। बता दें कि मलाइका का ये पोस्ट, उनके क्रिप्टिक पोस्ट शेयर करने के बाद आया है। जबसे अर्जुन ने सिंघम अगेन के प्रमोशन के दौरान ब्रेकअप कन्फर्म किया है।



# महिलाओं के लिए मुश्किल है इंडस्ट्री

**मुंबई।** सरोज खान को उनकी शानदार कोरियोग्राफी के लिए जाना जाता है। सरोज खान को तीन बार कोरियोग्राफी के लिए तीन बार नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। उन्होंने करीब दो हजार से ज्यादा गानों के लिए कोरियोग्राफी की है। सरोज खान ने 'धक-धक', 'चने के खेत में' और 'डोला रे' जैसे शानदार गानों को भी कोरियोग्राफ किया है। सरोज खान को लेकर टेरेंस लुईस ने एक खुलासा किया है। टेरेंस ने कहा कि इस इंडस्ट्री में औरत बनकर काम करना थोड़ा मुश्किल है, तो औरतों को मर्द बनकर काम करना पड़ा। टेरेंस ने कहा कि इस इंडस्ट्री ने उनके अंदर की औरत को मार दिया। इसमें औरतों की इज्जत नहीं होती थी, ये उसी का परिणाम है। इंडस्ट्री में मेल कोरियोग्राफर शांत हैं, जबकि महिला कोरियोग्राफर को ज्यादा गुस्सा आता है।

# रोहित के सामने ही कंटेस्टेंट ने पार की सारी हदें ...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 में अब घरवालों के बीच काफी बवाल देखने को मिल रहा है। कंटेस्टेंट गाली-गलौज के बाद अब मारपीट पर भी उतर आए हैं। यही नहीं, जब कुछ फीमेल कंटेस्टेंट जीत नहीं पा रही हैं वो अपना फीमेल कार्ड का यूज कर रहे हैं। वीकेंड का वार में एकता और रोहित ने सभी कंटेस्टेंट की क्लास क्लास लगाई। लेकिन, कुछ कंटेस्टेंट ने होस्ट तक का लिहाज नहीं किया और सारी हदें पार कर दीं। रजत ने गुस्से में आकर नेशनल टीवी पर विवियन से जो कहा उसे सुनकर रोहित भी हैरान रह गए। प्रोमो में रोहित, पहले दिग्विजय सिंह राठी से सवाल करते हैं कि कितने ओपिनियन बदल चुके हैं और कितने सेम हैं। इस पर वो कहते हैं, 'विवियन जो है सुपियॉरिटी कॉम्प्लेक्स बहुत ज्यादा है। होना चाहिए अच्छी बात है मेरे अंदर भी है, लेकिन उनके अंदर निगेटिव साइड की सुपियॉरिटी कॉम्प्लेक्स है। यहां पर सब बराबर हैं, सब कंटेस्टेंट हैं। इतना अकड़ मैं अपने बाप के अलावा किसी की सहता नहीं हूं।



## टीवी मसाला



# विक्रांत ने बिग बी को बताया अपने जीवन का रोचक किस्सा

**नई दिल्ली।** केबीसी 16 में आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा, उनकी पत्नी श्रद्धा जोशी शर्मा और अभिनेता विक्रांत मैसी पहुंचे। इस दौरान बिग बी से इन सितारों की बहुत चीजों को लेकर बातें हुईं। विक्रांत मैसी ने शो में अपने पापा से जुड़ा एक किस्सा भी साझा किया। विक्रांत मैसी ने बिग बी से कहा कि वे 37 साल के हैं और 20-21 साल से इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। 17 साल की उम्र में जब उनके पिता जी की तबीयत खराब हुई और उन्हें लगा कि बाहर जाकर अब उन्हें काम करने के साथ कुछ जिम्मेदारियां लेने की जरूरत है, समझ आया कि थोड़ी जिम्मेदारी लेनी होगी। तब हम एक वन रूम किचन में रहते थे। पापा ने कहा चल नीचे जाकर आते हैं। तब पहली बार हमारी दिल खोलकर बातें हुई थीं। तब मेरे साथ भी ऐसा हुआ कि एक फीलिंग आ रही थी, अब जीवन में कुछ बदलावों का समय आ गया है। आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और उनकी पत्नी श्रद्धा जोशी शर्मा केबीसी शो में पहुंचे। इस दौरान बिग बी से कई तरह की बातें हुईं। इस शो में मनोज कुमार शर्मा की मां भी पहुंची। मनोज शर्मा ने शो में अपनी मां के लिए एक कविता भी सुनाई। आईपीएस मनोज की ये कविता सुनकर उनकी मां के साथ वहां मौजूद लोगों की आंखों में आंसू आ गए।

### 11 नामांकनों के साथ बेयोंसे शीर्ष पर

**लॉस एंजिल्स।** 67वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के लिए नामांकनों की घोषणा की 8 नवंबर को कर दी गई। इस बार भी पुरस्कार पाने वालों की रेस में कई बड़े नाम हैं। एल्बम, गाने और रिकॉर्ड ऑफ द ईयर सहित 11 नामांकनों के साथ बेयोंसे इस सूची में शीर्ष पर हैं। इलिश, केंड्रिक लैमर, पोस्ट मेलोन और चार्ली एक्ससीएक्स सात-सात नामांकनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि टेलर स्विफ्ट, चैपल रोआन और सबरीना कारपेंटर छह-छह नामांकनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# सोना, शेयर या बिटकॉइन कहां रहेगा निवेश करना फायदेमंद

जानकारी
बिजनेस डेस्क

अमेरिका को अगला राष्ट्रपति मिल चुका है। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कड़ा मुकाबले में डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीत लिया है। चुनाव के नतीजों का असर दुनियाभर के बाजारों पर पड़ रहा है। भारत में भी शेयर बाजार और सोने की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस चुनाव ने दुनिया के बाजारों को हिलाकर रख दिया है। चाहे वो शेयर बाजार हों, सोना हो या फिर क्रिप्टोकरेंसी। चुनाव के नतीजों से तय होगा कि आगे क्या होगा। अमेरिका की नई सरकार ब्याज दरों और दुनिया भर के देशों से संबंधों को लेकर क्या रुख अपनाती है, यह भी महत्वपूर्ण होगा। अक्टूबर 2024 में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से लगभग 1.14 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए। इससे भारत रूस के बाद दुनिया का सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला बाजार बन गया। जानकारों का कहना है कि रिपब्लिकन पार्टी (ट्रंप) की जीत से उम्मीद है कि फिर से ट्रेड वॉर शुरू कर हो जाए। वे आयातित सामानों पर टैक्स बढ़ा सकते हैं। अगर अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती में देरी होती है तो भारत जैसे उभरते बाजारों में भी रेपो रेट में कटौती में देरी हो सकती है। भारत में ब्याज दरों में कटौती में देरी से भारतीय अर्थव्यवस्था पर और दबाव पड़ेगा। यह पहले से ही धीमी गति से बढ़ रही है।

- नतीजे तय करेंगे आगे शेयर, सोना और बिटकॉइन का क्या होगा
- अक्टूबर में एफआईआई ने भारतीय बाजारों से निकाले 1.14 लाख करोड़

### अमेरिकी चुनाव नतीजों का कैसे पड़ेगा बाजार पर असर

### दुनियाभर के बाजारों को प्रभावित करेगी अमेरिका में जीत-हार

### पूरी दुनिया के बाजारों पर देखने को मिल रहा चुनाव का असर

**शेयरों का रुख :** आने वाले समय में भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। उसके अनुसार, 'इजराइल-ईरान संघर्ष और अमेरिकी चुनावों के नतीजों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। चीन के आर्थिक प्रोत्साहन की घोषणा के बाद भारत से विदेशी संस्थागत निवेशकों का पैसा निकल रहा है।' अलग-अलग एसेट क्लास में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। लेकिन, निवेशकों को लॉन्ग टर्म के लिए अपनी रणनीति नहीं बदलनी चाहिए। निवेशकों को डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाना चाहिए। गिरावट के समय भी खरीदारी करते रहना चाहिए।

**क्या करें निवेशक :** जानकार निवेशकों को सलाह दे रहे हैं कि वे चुनाव परिणामों के बाद बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव के बावजूद शेयर बाजार में निवेश करते रहें। 'लंबी अवधि में इक्विटी ने अच्छा रिटर्न दिया है। बाजार के समय का अंदाजा लगाने की बजाय निवेशकों को गिरावट में अच्छी कंपनियों के शेयर खरीदने चाहिए।'



**सोना और चांदी की दिशा :** जानकारों का मानना है कि सोने में पिछले एक साल में तेजी देखने को मिली है। अस्थिरता खत्म होने के बाद इसमें 10 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। वे निवेशकों को सलाह देते हैं कि अगर सोने के दाम बढ़ते हैं तो वे मुनाफावसूली कर लें। बाद में कम दामों पर दोबारा खरीदारी करें। सोने की कीमतों में निकट भविष्य में बहुत ज्यादा तेजी आने की संभावना नहीं है। हालांकि, उनका मानना है कि वैश्विक घटनाक्रमों के कारण सोने की कीमतों में थोड़ी बहुत अस्थिरता देखने को मिल सकती है।

**बिटकॉइन और क्रिप्टो का भविष्य :** बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो टोकन जैसी डिजिटल संपत्तियों में पिछले कुछ सत्रों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। सबसे बड़ा डिजिटल एसेट बिटकॉइन 70,000 डॉलर के स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। वहीं, एथेरियम 2,500 डॉलर के निशान से नीचे है। क्रिप्टो का कुल बाजार पूंजीकरण 2 फीसदी से अधिक गिरकर 2.25 डॉलर ट्रिलियन हो गया। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि डिजिटल एसेट क्लास में में संस्थागत निवेश आएगा। जानकारों के मुताबिक, अमेरिका में इस चुनावी सीजन में क्रिप्टो पर फोकस किया गया है। यूएई और यूरोपीय संघ जैसे अधिक देशों की ओर से स्पष्ट नियम बनने के साथ क्रिप्टो निवेशकों के लिए एक प्रमुख एसेट क्लास बनने के लिए तैयार है।

### क्या कहते हैं जानकार

एक्सपर्ट्स के अनुसार भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान बाजार में जो उतार चढ़ाव दिखा था वह अमेरिका के चुनाव के बाद भी दिख सकता है। ऐसे में निवेशकों को चौकस रहने की जरूरत है। कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आप बाजार की गिरावट में पैसा कमा सकते हैं। पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें।

# कई तरह के होते हैं एसआईपी सोच-समझकर चुनें प्लान

## पैसा जोड़ने और बेहतर रिटर्न पाने का सबसे अच्छा माध्यम एसआईपी के जरिये लंबी अवधि के लिए निवेश प्लान बनाएं

## इसके जरिये म्यूचुअल फंड में कर सकते हैं पैसे का निवेश, आसानी से हासिल कर पाएंगे अपने निर्धारित लक्ष्य को

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं तो एक बार निवेश के तरीकों को समझ लेना जरूरी है। इससे आप आसानी से अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए अच्छा फंड तैयार कर सकते हैं। बाजार में निवेश के कई तरीके मौजूद हैं। लेकिन बाजार के जानकारों के मुताबिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश सबसे बेहतर तरीका माना जाता है। इसके जरियेनी से पैसा जुटा सकते हैं। हालांकि एसआईपी के जरिये निवेश करने के लिए आपको लंबी अवधि के लिए प्लान बनाना चाहिए। इससे आप अपने लक्ष्यों को असानी से हासिल कर सकते हैं। एसआईपी या व्यवस्थित निवेश योजना एक निवेश विकल्प है, जिसमें समय-समय पर, पूर्व-निर्धारित अंतरालों (जैसे कि एक माह या तिमाही) पर, बिना किसी रुकावट के, किसी योजना में पैसा निवेश किया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एसआईपी निवेशकों को नियमित निवेश और चक्रवृद्धि रिटर्न के माध्यम से धन बनाने में मदद करता है, भले ही वे छोटी शुरुआत करें। यह एनएसई या बीएसई जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से या मैन्युअल रूप से कागजी कार्रवाई भरकर और हर महीने फंड ट्रांसफर करके किया जाता है। एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सबसे आसान और बेहतर तरीका है। आप एसआईपी के जरिए किस्तों में पैसे जमा कर सकते हैं, लेकिन बहुत से लोग एक या दो एसआईपी के बारे में जानते हैं, लेकिन एसआईपी कई तरह के हो सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं कि एसआईपी कितने तरह की होती है और इसमें आप कैसे आसानी से निवेश कर अपने वित्तीय लक्ष्यों तक पहुंच सकते हैं।



### स्टेप-अप एसआईपी

स्टेप-अप एसआईपी के हत आपको एक तय सीमा तक पैसा बढ़ाने की सुविधा दी जाती है। आप स्टेप अप एसआईपी के तहत सालाना आधार पर पैसे बढ़ा सकते हैं। जैसे मान लीजिए आप हर महीने एसआईपी में 10 हजार रुपये निवेश करते हैं, तो आप इस निवेश राशि को 5 या 10 फीसदी तक बढ़ा सकते हैं। इस तरीके से आपका निवेश ऑटोमेटिक तरीके से बढ़ता रहता है।

### रेगुलर एसआईपी

रेगलुर एसआईपी से ज्यादातर लोग वाकीफ होंगे। इस एसआईपी के तहत आप एक तय सीमा में निवेश करते हैं। इस एसआईपी में आप हर महीने, तीन महीने और छमाही में निवेश करते हैं। वहीं आप इसमें आप निवेश के लिए तारीख खुद भी तय कर सकते हैं।

### फ्लेक्सिबल एसआईपी

फलेक्सिबल एसआईपी भी एसआईपी के टाइप में से एक है। इसके तहत आपको एसआईपी में कुछ बदलाव करने की जरूरत होती है। फ्लेक्सिबल एसआईपी के तहत आप रकम बढ़ा या घटा सकते है, लेकिन अगर आप ऐसा कुछ करना चाहते हैं, तो आपको फंड हाउस को पहले बताना पड़ता है। आपको एसआईपी के तहत पैसा कटने से एक हफ्ते पहले बताना होगा।



### ट्रिगर एसआईपी

इस एसआईपी के बारे में बहुत कम लोग ही जानते होंगे। आप ट्रिगर एसआईपी के तहत आप निवेश करना है या नहीं। ये पैसे, समय और वैल्युएशन के आधार पर तय कर सकते हैं। जैसे मान लीजिए आप ये तय कर सकते हैं कि अगर म्यूचुअल फंड का एनएवी 1000 रुपये से ज्यादा होगा, तो एसआईपी शुरू हो जाए। वहीं जैसे ही एनएवी 1000 रुपये से कम हो, वैसे ही आपके पैसे एसआईपी में लगना शुरू हो जाएं। इस तरह आप टाइम और वैल्युएशन के आधार पर ट्रिगर एसआईपी प्लान कर सकते हैं।

### इंश्योरेंस एसआईपी

इस एसआईपी के तहत आपको टर्म इंश्योरेंस कवर मिलता है। ये एसआईपी अलग-अलग फंड हाउस में अलग-अलग हो सकता है। ये एसआईपी भी आजकल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इसमें निवेश के साथ-साथ बीमा कवर भी मिलता है।

**यह रखें ध्यान : अब जब आप एसआईपी करना जानते हैं, तो सबसे पहले आपको अपने वित्तीय उद्देश्यों को परिभाषित करना होगा। आपके निवेश लक्ष्यों को दीर्घकालिक वित्तीय उद्देश्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसे आप अपने पैसे से हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें रिटायरमेंट के लिए निवेश करना, आपातकालीन निधि बनाना या घर या कार जैसी महत्वपूर्ण खरीदारी के लिए बचत करना शामिल हो सकता है।**

### एसआईपी को ऐसे समझें

▶▶ एसआईपी में निवेश कैसे करें और एसआईपी क्या है, यह एक सतत प्रश्न है। सरल शब्दों में कहें तो एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश का एक विकल्प है, जिसमें नियमित अंतराल पर छोटी-छोटी रकम अलग-अलग तरह के म्यूचुअल फंड में निवेश की जाती है।

▶▶ यह एक समय-परीक्षणित तकनीक है जो हानि के जोखिम को न्यूनतम करती है तथा निवेशक को नियमित निवेश करके कम लागत पर म्यूचुअल फंड यूनिट खरीदने की सुविधा प्रदान करती है।

▶▶ व्यवस्थित निवेश योजनाएं या एसआईपी, म्यूचुअल फंड में निवेश करने के सबसे किफ़ायती तरीकों में से एक हैं। अगर आप नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो आप बाज़ार की अस्थिरता का फ़ायदा उठा सकते हैं, बिना बाज़ार की टाइमिंग की चिंता किए।

▶▶ एसआईपी आपको शेयर बाजार के दैनिक उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना अपने पैसे को निवेश पर लगाने की सुविधा देता है।

# जवानी में अपनाएं ये फार्मूला मस्ती में आराम से कटेगा बुढ़ापा

अक्सर देखने में आता है कि बहुत से लोग रिटायरमेंट प्लानिंग की तो करते हैं, लेकिन अधिकतर लोगों की टाइमिंग गड़बड़ हो जाती है। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए आपको बुढ़ापे में नहीं, बल्कि जवानी में ही सोचना होगा। सोचना होगा कि कितने पैसे चाहिए और कहां पैसा निवेश करें, ताकि तगड़ा रिटर्न मिले। ध्यान रहे कि आप जितनी जल्दी निवेश शुरू करेंगे, आपको हर महीने उतना ही कम निवेश करना पड़ेगा और उतना ही ज्यादा रिटर्न पा सकेंगे। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए सबसे बेहतर विकल्प है एनपीएस (नेशनल पेंशन स्कीम), जिससे थोड़ा-थोड़ा निवेश करने से आप रिटायरमेंट तक 5 करोड़ रुपये जमा कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप रिटायरमेंट पर 2.5 लाख रुपये की पेंशन ले सकते हैं। इसके लिए आपको कितना पैसा जमा करना होगा और उसका रिटर्न क्या होगा।

**5 करोड़ जमा करने का फॉर्मूला :** आपको सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि यह फॉर्मूला हर किसी पर लागू नहीं होता है। यह फॉर्मूला सिर्फ उन युवाओं पर लागू होगा, जिन्होंने हाल ही में नौकरी की शुरुआत की है। मान लेते हैं आप रिटायरमेंट पर यानी 60 साल की उम्र में 5 करोड़ रुपये जमा करना चाहते हैं और 25 साल की उम्र से पहले ही आपकी नौकरी लग गई है। अगर आप 25 साल की उम्र से ही अपनी सैलरी से हर रोज 442 रुपये बचाकर उसे एनपीएस में लगाना शुरू कर दें तो रिटायरमेंट पर आपके पास आसानी से 5 करोड़ रुपये जमा हो जाएंगे।

**रोज के 442 रुपये बनेंगे 5 करोड़ :** अगर आप रोज 442 रुपये बचाते हैं तो इसका मतलब है कि आपको हर महीने करीब 13,260 रुपये जमा करने होंगे। 25 साल की उम्र से ही आप निवेश शुरू कर देंगे तो 60 साल की उम्र तक आप 35 सालों तक निवेश करेंगे। अगर आपने ये पैसे एनपीएस में लगाए हैं तो वहां पर आपको औसतन 10 फीसदी का ब्याज मिल जाएगा। इस तरह कंपाउंडिंग इंट्रेस्ट मिलते-मिलते आपके पैसे 60 साल की उम्र में 5.12 करोड़ रुपये बन जाएंगे।

**पावर ऑफ कंपाउंडिग से यह होगा :** एनपीएस में अगर आप हर महीने 13,260 रुपये निवेश करते हैं तो 35 साल में आप कुल 56,70,200 रुपये का निवेश करेंगे। अब सवाल यह उठता है कि अगर निवेश 56.70 लाख रुपये का हुआ है तो 5 करोड़ रुपये कहां से आएंगे। दरअसल यह मुमकिन होगा पावर ऑफ कंपाउंडिंग से। इसके तहत आपको हर साल अपने मूलधन पर तो ब्याज मिलेगा ही, साथ ही उस मूलधन पर मिले ब्याज पर भी ब्याज मिलेगा। ऐसे में जब तक आप 35 साल तक 56.70 लाख रुपये जमा करेंगे, तब तक आपको कुल 4.55 करोड़ रुपये का तो ब्याज ही मिल चुका होगा। इस तरह आपका कुल निवेश 5.12 करोड़ रुपये हो जाएगा।

## बिजनेस साइट

### लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में प्रवेश का अंतिम चरण



**रायपुर।** लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में विभिन्न कोर्सेज के लिए निशुल्क पंजीयन और परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करना और उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में सहायता देना है। छात्र केवल एक क्यूआर कोड स्कैन करके सरलता से पंजीयन कर सकते हैं और इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। महाविद्यालय की निर्देशिका, डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि लीला देवी समूह राजधानी के पास स्थित एक विश्वस्तरीय एजुकेशन कैंपस है, जो सीबीएसई स्कूल, नर्सिंग महाविद्यालय, फार्मेसी कॉलेज, स्किल एंड प्रोफेशनल एजुकेशन जैसे मैनेजमेंट, टीचर्स ट्रेनिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, आईटी, योग और आयुर्वेद आदि के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान हैं। महाविद्यालय का मुख्य परिसर अमलेश्वर के निकट मोतीपुर में स्थित है, जबकि राज्य कार्यालय साइंस कॉलेज रायपुर के पास स्थित है, जहां छात्र निशुल्क पंजीयन और परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। संस्था के अधिकारियों ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों की क्लिनिकल प्रैक्टिस संस्था के पेरेंट हॉस्पिटल में होती है। प्रवेश प्रक्रिया और परामर्श पंजीयन 25 नवंबर तक जारी रहेगा।

### जयका समूह ने मनाई अपनी 70वीं वर्षगाँठ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्र के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला प्रतिष्ठित जयका समूह इस वर्ष अपना 70वीं जयंती मना रहा है। इस खास मौके पर जयका समूह द्वारा रिंग रोड नं. 1, रायपुरा स्थित जयका ऑटोमोबाइल्स एंड फायनेंस प्रा.लि. में एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगभग 750 अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ स्व. पुरुषोत्तम बालकृष्ण काले और अन्य पूर्व प्रबंध निदेशकों के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में जयका समूह के प्रबंध निदेशक रोहित काले, रश्मि काले और उनके सुपुत्र कौस्तुभ काले विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर रोहित काले ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे 94 साल पुरानी परिवार की ऑटोमोबाइल बिजनेस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और जयका समूह को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

**70वीं वर्षगाँठ पर भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित**

इस मौके पर विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें छत्तीसगढ़ी राऊत नाचा, सिंगिंग, डांसिंग, रैम्प वॉक आदि शामिल थे। साथ ही, संस्थान के 25 साल पूरे करने वाले कर्मचारियों को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जयका ऑटोमोबाइल्स, शिवनाथ हुंडई, जयका इंश्योरेंस और जयका ट्रेलर मैन्युफैक्चरिंग डिविजन के रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सिमगा, अभनपुर और राजिम स्थित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया और इस खास अवसर का आनंद लिया।

# शेयर हो, बैंक खाता या इंश्योरेंस, नॉमिनी का नाम जरूर लिखवाएं

अलर्ट
बिजनेस डेस्क

अगर आपने भी कोई भी खाता खुलवाया है तो उसमें नॉमिनी जरूर लिखवाएं, वरना आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी प्रकार के अकाउंट, लॉकर, इंश्योरेंस आदि में नॉमिनी का नाम जरूर लिखवाना चाहिए। अगर अकाउंट में नॉमिनी का नाम नहीं और अकाउंट होल्डर की मृत्यु हो जाए तो अकाउंट में जमा रकम या लॉकर में रखी चीजें परिवार के लोगों को बड़ी मुश्किलों से मिलती हैं। इसके लिए कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। इसे आप एक उदाहरण से समझ सकते हैं। एक व्यक्ति एक्स एक प्राइवेट कंपनी में सीनियर पोस्ट पर थे। उन्होंने 30 लाख रुपये का लाइफ इंश्योरेंस कराया था। साथ ही वे शेयर मार्केट में भी पैसे निवेश करते थे। एक दुर्घटना में उनका निधन हो गया। जब उनके पिता इंश्योरेंस की रकम लेने बीमा कंपनी पहुंचे तो उन्हें पैसा नहीं मिला। कारण था कि एक्स ने अपने इंश्योरेंस में नॉमिनी का नाम नहीं लिखवाया था। इसी प्रकार उन्हें शेयर का भी पैसा भी नहीं मिला, क्योंकि उसमें भी कोई नॉमिनी नहीं था। बाद में उन्हें एक वकील की मदद लेनी पड़ी। कोर्ट-कचहरी के काफी चक्कर लगाने के बाद उन्हें अपने बेटे की रकम मिली। इसमें पैसा और समय दोनों खर्च हुए। परेशानी हुई वह अलग।

### कौन होता है नॉमिनी

नॉमिनी वह शख्स होता है जो अकाउंट होल्डर की मृत्यु के बाद अकाउंट से उसके पैसे को निकाल सके। यह शख्स परिवार का सदस्य या दोस्त या जानकार, कोई भी हो सकता है। अकाउंट होल्डर जब चाहे, अपने अकाउंट से नॉमिनी का नाम बदल सकता है। काफी लोग नॉमिनी के तौर पर किसी संस्था का भी नाम लिखवा देते हैं। नॉमिनी वसीयतनामे से बिल्कुल अलग है। वसीयतनामे में वह शख्स अकाउंट होल्डर की संपत्ति का मालिक हो जाता है, जबकि नॉमिनी जरूरी नहीं कि मालिक हो।

### संपति का मालिक नहीं होता नॉमिनी

नॉमिनी अकाउंट होल्डर की संपत्ति का मालिक नहीं, बल्कि केयरटेकर होता है। नॉमिनी अगर अकाउंट होल्डर की संपत्ति का कानूनी तौर पर अकेला वारिस है तो वह उस संपत्ति को अपने पास रख सकता है। वहीं अगर कानूनी वारिस नहीं है तो उसकी जिम्मेदारी है कि वह उस संपत्ति को मृतक के कानूनी वारिसों में बांट दे। अकाउंट होल्डर की मृत्यु के बाद बैंक या दूसरे वित्तीय संस्थान अकाउंट में जमा रकम नॉमिनी को दे देते हैं। इसके बाद नॉमिनी की जिम्मेदारी है कि वह उस रकम को मृतक के वारिसों तक पहुंचाए। अगर वह रकम उन्हें नहीं पहुंचाता है तो यह मामला नॉमिनी और मृतक के वारिसों के बीच का हो जाता है। यहां बैंक की कोई भूमिका नहीं रहती।

- नॉमिनी नहीं है तो फंस सकता है पैसा, जरूर कर लें यह काम
- अकाउंट होल्डर की मृत्यु के बाद पैसा निकालने में होती है आसानी
- नॉमिनी न होने पर मृतक के परिवार को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं

### कब जुड़वाएं नॉमिनी

बैंक अकाउंट, पॉलिसी, इंश्योरेंस, डीमैट अकाउंट, लॉकर, एफडी आदि में नॉमिनी का नाम जरूर लिखवाना चाहिए। वैसे तो नॉमिनी के तौर पर किसी भी शख्स का नाम लिखवा सकते हैं। लेकिन जानकार कहते हैं कि अकाउंट होल्डर के निधन के बाद परिवार के लोग कानूनी चक्कर में न पड़ें, इससे बेहतर है कि उसी शख्स का नाम लिखवाएं जो कानूनी वारिस हो। अगर अकाउंट खुलवा लिया है और नॉमिनी का नाम नहीं लिखवाया है तो अब भी नाम लिखवा सकते हैं। अकाउंट में एक से ज्यादा नॉमिनी का भी नाम लिखवा सकते हैं।

### नॉमिनी न होने पर पड़ सकते हैं ये चक्कर

बैंक या इंश्योरेंस कंपनी मृतक की रकम को उसके परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं देगी। बैंक लीगल वारिस के लिए कोर्ट की तरफ से जारी पेपर मांग सकता है। कई बार कोई दूर का रिश्तेदार या अनजान शख्स भी खुद को मृतक का वारिस घोषित कर देता है। ऐसे में मामला और उलझ जाता है। अगर परिवार के सदस्यों में आपसी कलह हो जाए तो मामला कोर्ट तक चला जाता है। इसका फैसला होने में 6 महीने या कई साल तक लग सकते हैं। परिवार के लोग किसी कानूनी चक्कर में न फंसें, इसलिए आज ही अपने अकाउंट में कानूनी वारिस का नाम नॉमिनी के तौर पर लिखवाएं।

# हरमनप्रीत बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, श्रीजेश गोलकीपर ऑफ द ईयर

एजेंसी ▶▶| लुसाने

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिग्गज पीआर श्रीजेश ने वर्ष 2024 के लिए क्रमशः एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर (वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) और गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार (वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर) हासिल किया है। हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों को शुक्रवार रात ओमान में 49वीं एफआईएच कांग्रेस के दौरान यह सम्मान मिला।

हरमनप्रीत ने शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए नीदरलैंड के जोएप डी मोल और थियरी ब्रिंकमैन, जर्मनी के हेंस मुलर और इंग्लैंड के जैक वालेस को पीछे छोड़ा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल किए थे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में गोल करने के अलावा स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक के मैच में भारत की तरफ से दोनों गोल किए। भारत ने यह मैच 2-1 से जीतकर ओलंपिक में लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया।

## ओमान में 49वीं एफआईएच कांग्रेस के दौरान मिला सम्मान

'सबसे पहले तो मैं इस सम्मान के लिए एफआईएच का आभार व्यक्त करता हूं। मैं यहां पर अपने साथियों का जिक्र करना चाहूंगा। आपके बिना यह कुछ भी संभव नहीं हो पाता। मैं हमें हर स्तर पर सफलता हासिल करने का मौका देने के लिए हॉकी इंडिया का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। मेरी पत्नी और बेटी आज यहां हैं और उनके सामने यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इसलिए इसे संभव बनाने वाले सभी लोगों को धन्यवाद।'

हरमनप्रीत सिंह




'मैं आज बहुत खुश हूं। मेरे खेल करियर के इस आखिरी खेल सम्मान के लिए धन्यवाद। यह पुरस्कार पूरी तरह से मेरी टीम का है, डिफेंस का है जिसने यह सुनिश्चित किया कि ज्यादातर हमले मुझ तक न पहुंचें। यह पुरस्कार मिडफील्डर और फॉरवर्ड का है जिन्होंने मैंने जितने गोल खाए उससे अधिक गोल करके मेरी गलतियों को छुपाया।'

- पीआर श्रीजेश

### दोनों की हैट्रिक

*हरमनप्रीत ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में भी एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था लेकिन तीसरा सम्मान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे उन्होंने ओलंपिक पदक जीतने के बाद हासिल किया है। कप्तान के रूप में यह उनका पहला सम्मान है। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले श्रीजेश ने भी तीसरी बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले उन्होंने 2020-21 और 2021-22 में यह पुरस्कार जीता था।*



### श्रीजेश ने दिग्गजों को पछाड़ा

पेरिस ओलंपिक के बाद खेल से संन्यास लेने वाले श्रीजेश ने गोलकीपर वर्ग में शीर्ष पुरस्कार हासिल करने की दौड़ में नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक, स्पेन के लुइस कैलजाडो, जर्मनी के जीन पॉल डेनेबर्ग और अर्जेंटीना के टॉमस सैंटियागो को पीछे छोड़ा।

### पुरस्कारों के अन्य विजेता

| खिलाड़ी | देश | पुरस्कार |
| --- | --- | --- |
| यिब्बी जानसन | नीदरलैंड | सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी |
| ये जिओ | चीन | सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर |
| सुफियान खान | पाकिस्तान | पुरुष उभरता सितारा |
| जो डियाज | अर्जेंटीना | महिला उभरती खिलाड़ी |
| जेरोइन डेल्मी | नीदरलैंड | सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच |
| एलिसन अन्नान | ऑस्ट्रेलिया | सर्वश्रेष्ठ महिला कोच |
| स्टीव रोजर्स | ऑस्ट्रेलिया | सर्वश्रेष्ठ पुरुष अंपायर |
| सारा विल्सन | स्कॉटलैंड | सर्वश्रेष्ठ महिला अंपायर |

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा मैच आज रात 7.30 बजे

# टी20: शीर्ष क्रम को दिखाना होगा दम विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| गकेबरहा

संजू सैमसन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। भारत को अगर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। सैमसन ने डरबन में खेले गए पहले मैच में 50 गेंद पर 107 रन की शानदार पारी खेली थी जिससे भारत ने यह मैच 61 रन से जीता। भारत के अन्य बल्लेबाज हालांकि पर्याप्त योगदान नहीं दे पाए थे जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा।

### अभिषेक हो रहे फेल

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा कई मौके मिलने के बावजूद उनका फायदा नहीं उठा पाए जो टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चिंता है। वह इस साल के शुरू में जिंबॉब्वे के खिलाफ शतक बनाने के बाद रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### बदलाव की संभावना नहीं

भारत की अंतिम एकादश में बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन टीम प्रबंधन अभिषेक के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव को देखकर निराश होगा। विशेषकर तब जबकि वह रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इस छोटे प्रारूप में सलामी बल्लेबाज के अन्य विकल्पों की तलाश कर रहा है।




### तिलक ने खेली तूफानी पारी

तिलक वर्मा ने 18 गेंद पर 33 रन की तूफानी पारी खेली लेकिन उन्हें इस तरह की शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। भारतीय मध्य क्रम में एक स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है और अगर वर्मा को अपनी जगह पक्की करनी है तो उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहले मैच में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी उम्मीद पर खरे नहीं उतरे।

### मध्य और निचले क्रम की कमजोरी भी उजागर

भारतीय मध्यक्रम कागजों पर मजबूत नजर आता है लेकिन पहले मैच में वे साझेदारी निभाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए। भारत ने 36 रन के अंदर छह विकेट गवाएं जिससे एक समय बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद वह आठ विकेट पर 202 रन तक ही पहुंच पाया। इससे भारत के मध्य और निचले क्रम की कमजोरी भी उजागर हुई।

### गेंदबाजों का उम्दा प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया तथा दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में 17.5 ओवर में 141 रन पर आउट कर दिया। वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट लेकर अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा जबकि उनके स्पिन जोड़ीदार रवि बिश्नोई ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आवेश खान ने भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई।


### मेजबान में सीनियर खिलाड़ियों की कमी

जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह इस साल जून में भारत के हाथों टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने में असफल रहा। उसे अपने कई सीनियर खिलाड़ियों की कमी खल रही है। दक्षिण अफ्रीका को अगर भारत का विजय अभियान रोकना है तो उसके युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अनुरुप प्रदर्शन करना होगा।

### मुंबई ने ओडिशा को पारी और 103 रन से दी मात

**मुंबई।** स्पिनर शम्स मुलानी (पांच विकेट) और हिमांशु सिंह (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर गत चैंपियन मुंबई ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में ओडिशा को पारी और 103 रन से करारी शिकस्त देकर सात अंक हासिल किए। मुलानी ने मैच में 11 विकेट लिए और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मुंबई ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 602 रन बना कर समाप्त घोषित की थी। इसके जवाब में ओडिशा की टीम 285 रन ही बना पाई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे द्वारा फॉलोऑन दिए जीने के बाद ओडिशा की टीम दूसरी पारी में 214 रन पर आउट हो गई। पुणे में सेना ने महाराष्ट्र को 35 रन से हराया। अगरतला में मेजबान त्रिपुरा और बड़ौदा के बीच मैच ड्रॉ रहा। त्रिपुरा ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए।

# पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएगी भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी या नहीं? यह सवाल हर किसी को परेशान कर रहा है। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अब तक वेन्यू का ऐलान नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में भारत के पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाने की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी को इसकी सूचना दे दी है कि प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए भारत पड़ोसी मुल्क का दौरा नहीं करेगा। ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने आईसीसी को इस बात की जानकारी दे दी है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई को भारत सरकार से सलाह मिली है कि वह भारतीय टीम को पड़ोसी देश की यात्रा पर न भेजे। इस स्थिति में आईसीसी और पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल पर विचार करना होगा और पाकिस्तान के अलावा एक और वेन्यू तलाश करना होगा।

# ध्रुव जुरेल का अर्धशतक बेकार भारत ए की लगातार दूसरी हार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाकर भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने का मजबूत दावा पेश किया। उनके इस शानदार प्रयास के बावजूद भारत ए को शनिवार को यहां दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही ऑस्ट्रेलिया ए से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

इस तरह से भारत ए दो मैचों की श्रृंखला 0-2 से हार गया। भारतीय टीम के 168 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।



भारतीय टीम ने सुबह पांच विकेट पर 73 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। पहली पारी में 80 रन बनाने वाले जुरेल ने दूसरी पारी में 122 गेंद पर 68 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेली जिसमें पांच चौके शामिल हैं।

जुरेल ने आउट होने से पहले नीतीश कुमार रेड्डी (38) के साथ 94 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। प्रसिद्ध कृष्णा (29) और तनुश कोटियन (44) ने भी अच्छी पारियां खेलकर भारत को दूसरी पारी में 229 रन तक पहुंचाया और मेजबान टीम के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा।

# मुंबई ने ओडिशा को पारी और 103 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्पिनर शम्स मुलानी (पांच विकेट) और हिमांशु सिंह (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर गत चैंपियन मुंबई ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में ओडिशा को पारी और 103 रन से करारी शिकस्त देकर सात अंक हासिल किए। मुलानी ने मैच में 11 विकेट लिए और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

मुंबई ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 602 रन बना कर समाप्त घोषित की थी। इसके जवाब में ओडिशा की टीम 285 रन ही बना



पाई। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे द्वारा फॉलोऑन दिए जीने के बाद ओडिशा की टीम दूसरी पारी में 214 रन पर आउट हो गई। पुणे में सेना ने महाराष्ट्र को 35 रन से हराया। अगरतला में मेजबान त्रिपुरा और बड़ौदा के बीच मैच ड्रॉ रहा।

चेक गणराज्य के दिग्गज ने तीन बार जीता है ओलंपिक स्वर्ण

# नीरज के कोच बने विश्व रिकॉर्डधारक जेलेजनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अगले सत्र की शुरुआत से पहले शनिवार को तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक जान जेलेजनी को अपना कोच नियुक्त किया।

चेक गणराज्य के 58 वर्षीय जेलेजनी को आधुनिक युग का सबसे महान भाला फेंक खिलाड़ी माना जाता है। उन्होंने अपने शानदार करियर में तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक (1992, 1996, 2000) और इतने ही विश्व खिताब (1993, 1995, 2001) जीते। जेलेजनी के नाम इस स्पर्धा में 98.48 मीटर का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है। चोपड़ा ने हाल तक जर्मन बायोमैकेनिक्स विशेषज्ञ क्लॉस बार्टोनिट्ज़ के साथ काम किया, जो उनके कोच की भूमिका भी निभा रहे थे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण






और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा, 'मैं शुरू से ही जान की तकनीक और सटीकता का प्रशंसक रहा हूं। मैंने उनके वीडियो देखने में बहुत समय बिताया। वह इतने वर्षों तक इस खेल के शिखर पर रहे। मेरे लिए उनका साथ बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हम दोनों की भाला फेंकने की शैली एक जैसी है तथा उनके पास अपार अनुभव है। जब मैं अपने करियर में अगले चरण की ओर बढ़ रहा हूं तो जान का मेरे साथ होना सम्मान की बात है। मैं उनके साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।' चोपड़ा अभी तक 90 मीटर तक भाला नहीं फेंक पाए हैं लेकिन वह यह आंकड़ा हासिल करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं जिसमें जेलेजनी का अनुभव काम आ सकता है।

### नीरज में महान खिलाड़ी बनने के सभी गुण

जेलेजनी ने चोपड़ा का कोच नियुक्त किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह शुरू से ही भारतीय स्टार को कोचिंग देने के लिए उत्सुक थे क्योंकि उनमें अभी भी काफी संभावनाएं हैं। जेलेजनी ने एक बयान में कहा, 'मैंने कई वर्ष पहले कह दिया था कि नीरज में महान खिलाड़ी बनने के सभी गुण हैं। मैंने यह भी कहा था कि अगर मुझे चेक गणराज्य के बाहर किसी खिलाड़ी को कोचिंग देनी हो तो मेरी पहली पसंद नीरज होगा। मुझे उनमें बड़ी संभावनाएं दिखती हैं, क्योंकि वह युवा हैं और सुधार करने में सक्षम हैं।'

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
| --- | --- | --- | --- |
| ऋणी- **मेसर्स श्री बालाजी इंडस्ट्रीज** 4 एल हैवी इंडस्ट्रियल एरिया, हथखोज जिला दुर्ग भिलाई, छत्तीसगढ़ 490026 **श्री संचित अग्रवाल (पार्टनर) श्री जय किशन अग्रवाल (पार्टनर)** | संपत्ति 1: बंधक संपत्ति फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं. 4एल और 4एल-1, हैवी इण्डस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, तह जिला - दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल - क्रमशः 5000 वर्गफुट और 10000 वर्गफुट यानी कुल 15000 वर्गफुट संपत्ति मालिक- श्री बालाजी इंडस्ट्रीज, डीड के अनुसार चर्तुसीमाएं: पूर्वः प्लाट संख्या 4 का हिस्सा, पश्चिमः प्लाट संख्या 4 जे, उत्तरः प्लाट संख्या 4 का हिस्सा, दक्षिणः सड़क **भौतिक कब्जा** | 18-04-2022<br>29-06-2022<br>दि. 05/11/2024 को ₹ 2,65,30,527.41/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 47.79 लाख<br>₹ 4.78 लाख<br>₹ 10000/- |
| | संपत्ति 2: प्लाट नं. 4एल और 4एल-1, हैवी इण्डस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, तह जिला - दुर्ग (छ.ग.) में स्थापित गैल्वनाइजिंग प्लांट के स्क्रैप मशीन पार्ट्स (श्री बालाजी इंडस्ट्रीज के नाम पर) **भौतिक कब्जा** | | ₹ 9.00 लाख<br>₹ 0.90 लाख<br>₹ 10000/- |
| ऋणी-**मेसर्स जे के सेल्स** प्लाट 15-डी, हाथखोज, हेवी इण्डस्ट्रियल एरिया, जिला-दुर्ग भिलाई (छ.ग.) 490011 **श्री जय किशन अग्रवाल श्रीमती आशा अग्रवाल पत्नि श्री जय किशन अग्रवाल** (जमानतदार) | **संपत्ति-1: बंधक संपत्ति प्लॉट नंबर 15-डी, हेवी इंडस्ट्रियल एरिया, हाथखोज, भिलाई-490021, तह और जिला - दुर्ग (छग) क्षेत्रफल- 23480 वर्गफुट** संपत्ति मालिक- मेसर्स जे के सेल्स (30-05-2005 से 29-05-2100 की अवधि के लिए लीजहोल्ड संपत्ति) डीड के अनुसार सीमाएं: पूर्वः वी एन इंडस्ट्रीज, पश्चिमः प्लॉट नंबर 15 डी का हिस्सा, उत्तरः गांव की जमीन, दक्षिणः सड़क **सांकेतिक कब्जा** | 18/04/2022<br>29/06/2022<br>दि. 05/11/2024 को ₹ 2,86,71,022.09/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 69.84 लाख<br>₹ 6.99 लाख<br>₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स श्री अम्बा राईस प्रा. लि.** खसरा नं. 795/3 का भाग, प.ह.नं. 45, ग्राम- लिमतारा, तह. धमधा, जिला-दुर्ग **श्री अभिषेक शर्मा पुत्र श्री अरुण कुमार शर्मा श्री अमित शर्मा पुत्र अरुण कुमार शर्मा श्रीमती सारिका शर्मा पत्नि श्री अभिषेक शर्मा** सभी का पता - ग्राम-दादर, पोस्ट-जांजगीर, BMY चारोड़ा, जिला-दुर्ग | **बंधक संपत्ति स्थित खुली भूमि खसरा नं. 2/13, प.ह.नं. 37/1, ग्राम- महाराजपुर, तहसील-छुरिया, जी.ई. रोड, राजनांदगांव, छ.ग.** संपत्ति मालिक- श्रीमती सारिका शर्मा चर्तुसीमाएं: पूर्वः कच्ची सड़क, पश्चिमः श्री रामनाथ की जमीन, उत्तरः श्री जोधेराम की जमीन, दक्षिणः श्री किशोर की जमीन **भौतिक कब्जा** | 19/08/2014<br>14/01/2022<br>दि. 05/11/2024 को ₹ 15,94,43,420.45 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 21.15 लाख<br>₹ 2.12 लाख<br>₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स एकता स्टील प्रोप.- श्री कमल किशोर अरोड़ा** प्लॉट नंबर 12-/ए, हेवी इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई तहसील और जिला दुर्ग (छ.ग.) **श्री कमल किशोर अरोड़ा,** निवासी- बी/19, 4 बीएचके, रो बंगला, चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, (छ.ग.)- 490022 | **प्लांट एवं मशीनरी स्थित प्लॉट नंबर 12-/ए, हेवी इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई तहसील और जिला दुर्ग (छ.ग.)** **भौतिक कब्जा** | 30-04-2021<br>05-08-2021<br>दि. 05/11/2024 को ₹ 1,13,27,397.59/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 20.56 लाख<br>₹ 2.06 लाख<br>₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स गणपति इण्डस्ट्रीज प्रोप.-श्रीमती संध्या आशीष गुप्ता** इंडस्ट्रियल प्लाट न. 134/बी एवं 134 (एच), लाइट इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) **श्रीमती संध्या गुप्ता पत्नि श्री आशीष गुप्ता, श्री आशीष गुप्ता** | **प्लाट नं. 134/बी एवं 134/एच, लाइट इण्डस्ट्रियल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) पर स्थित प्लांट एवं मशीनरी** **भौतिक कब्जा** | 30.04.2021<br>05.08.2021<br>दि. 05/11/2024 को ₹ 3,44,01,682.56/- +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 5.40 लाख<br>₹ 0.54 लाख<br>₹ 10000/- |
| **धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28/11/2024 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29/11/2024, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स गणपति इण्टरप्राइजेस,** मदर टेरेसा नगर, केम्प-1, भिलाई, छ.ग.-490026 **(1) श्री अवध बिहारी प्रसाद पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण प्रसाद (2) श्री लक्ष्मीनारायण प्रसाद पुत्र श्री नरेश प्रसाद** दोनों निवासी- स्टील नगर, केम्प-1, भिलाई, दुर्ग, छ.ग. - 490001 | **भूमि एवं भवन स्थित केम्प-1, वार्ड नं. 21, स्टील नगर, छावनी, भिलाई, जिला- दुर्ग** क्षेत्रफल- 903 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- रोड, दक्षिण- कपिल शर्मा का मकान, पूर्व- रोड, पश्चिम- बुधराम का मकान **सांकेतिक कब्जा** | 10/06/2016<br>18/08/2016<br>दि. 07/11/2024 को ₹ 95,42,742.16/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 14.20 लाख<br>₹ 1.42 लाख<br>₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स गणपति स्टील** प्लाट नं. 134-जी, लाइट इण्डस्ट्रिल एरिया, भिलाई (छ.ग.) 490022 पार्टनर्स- **1. श्री सुनील गुप्ता पुत्र श्री रामचंद गुप्ता 2. श्री आशीष गुप्ता पुत्र श्री रामचंद गुप्ता** | मशीनरी स्थित प्लाट नं. 134/जी, लाइट इण्डस्ट्रिल एरिया, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) **भौतिक कब्जा** | 03.12.2019<br>11.12.2020<br>दि. 07/11/2024 को ₹ 12,12,09,240.74/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 13.00 लाख<br>₹ 1.30 लाख<br>₹ 10000/- |
| **धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29/11/2024 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30/11/2024, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)** | | | |

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) देखें अथवा सम्पर्क करें श्री रंजन कुमार पाणी, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No . 8989014648, 9140476074, 7905027805, 8073562754)

स्थान : भोपाल दिनांक : 07-11-2024

प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक




# 15 दिनों में सड़क बनाने तैयार की गई रणनीति, केशकाल घाट आज से होगा बंद

## सवारी बसों, दो पहिया और भारी वाहनों का जारी किया रूटचार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केशकाल घाट में जगह जगह गड्ढे.हो जाने के कारण धूल का गुबार ऐसा उड़ रहा है कि वहां पर केवल धूल ही नजर आ रही है। गड्ढे.हो जाने के कारण जाम की स्थिति ज्यादा बन रही है। दीपावली पर्व खत्म होने के बाद प्रशासन द्वारा पहले से ही लिए गए निर्णय के आधार पर केशकाल घाट 10 नवंबर से 25 नवंबर तक बंद करने का ऐलान कर दिया है। प्रशासन ने सभी प्रकार के वाहनों के रूट का चार्ट भी जारी किया है और संबंधित जिलों के जिला व पुलिस प्रशासन के भी संज्ञान में लाया गया।

जानकारी के अनुसार केशकाल घाट में हर मोड़ पर गड्ढे हो जाने के कारण बारिश के समय से इस सड़क पर चलना दूभर हो गया है। घाट में आवागमन पूरी तरह से रोकने के उपरांत ही सड़क को सही ढंग से बनाया जा सकता है, उसी के तहत कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान ने आदेश जारी करते हुए यह स्पष्ट किया है कि केशकाल घाट पर पूरी तरह से 10 नवंबर से 25 नवंबर तक आवागमन बंद रहेगा। ठेकेदार की पूरी मशीनरी



पहुँच जाने के चलते 10 नवंबर से युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा और यह प्रयास होगा कि इन 15 दिनों में सड़क का काम पूरा हो जाएगा। इन 15 दिनों में निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो उसके बाद समय को बढ़ाया भी जा सकता है। प्रशासन ने ठेकेदार को पूरी मशीनरी लगाकर 15 दिनों में सड़क बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

**दो पहिया, चार पहिया सवारी वाहन एवं इमरजेंसी वाहन** : दो पहिया, चार पहिया सवारी वाहन एवं इमरजेंसी वाहन रायपुर की ओर से जगदलपुर जाने वाले वाहन रायपुर से धमतरी से कांकेर से केशकाल घाट होते हुए कोंडागांव से जगदलपुर, वहीं जगदलपुर से रायपुर की ओर जाने वाले वाहन जगदलपुर से कोंडागांव से केशकाल (बटराली) से रांधा से ऊपरमुरूवेंड से मुरनार से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से होते हुए कांकेर से धमतरी व रायपुर जा सकेंगे।

### यात्री बसों के लिए तय किया गया रूट

जिला प्रशासन ने यात्री बसों के लिए रूट तय किया है। जिसके अनुसार रायपुर एवं जगदलपुर दोनो दिशाओं के लिए जाने वाला वैकल्पिक मार्ग जगदलपुर से कोंडागांव से केशकाल विश्रामपुरी चौक से विश्रामपुरी (चमची) से गोविंदपुर से दुधावा से कांकेर से धमतरी से रायपुर जाना होगा और रायपुर से बसें इसी मार्ग से जगदलपुर की ओर जाएगी। बसों का केवल यही रूट रहेगा, इस रूट में अन्य वाहनों का आना जाना नहीं होगा।

**थानेदार बनकर ठगी, दो गिरफ्तार: भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल में पुलिस आयुक्त का सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि फेसबुक पर कथित रूप से फर्जी प्रोफाइल बनाने वाले शकील मोहम्मद और सुनील प्रजापत को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों की तलाश कर्नाटक पुलिस को भी है क्योंकि उन्होंने इसी तरह से पुलिस अधीक्षक की सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाई थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा की फर्जी प्रोफाइल बनाई और लोगों को ठगा। उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी का यह मामला पांच नवंबर को उस समय सामने आया जब 48 वर्षीय एक व्यवसायी ने साइबर अपराध शाखा से संपर्क किया।

### असाधारण परिस्थितियों में सरकार कर सकती है यूनिवर्सिटी प्रशासन में हस्तक्षेप

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 52 को लागू करने के राज्य के अधिकार को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा कि, असाधारण परिस्थितियों में राज्य शासन को विश्वविद्यालयों के प्रशासन में हस्तक्षेप करने का अधिकार है। उक्त आदेश देने के साथ ही हाईकोर्ट ने बस्तर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एनडीआर चंद्रा की अपील को खारिज कर दिया है। प्रोफेसर चंद्रा ने राज्य शासन द्वारा पद से हटाए जाने को चुनौती दी थी। जनवरी 2013 में राज्य शासन ने बस्तर विवि के कुलपति प्रो. एनडीआर चंद्रा को प्रशासनिक कदाचार और वित्तीय अनियमितताओं सहित कई आरोपों के बाद पद से हटा दिया था। राज्य सरकार ने इन आरोपों की जांच के लिए 2015 में एक जांच समिति गठित की।

जांच रिपोर्ट से पता चला कि विश्वविद्यालय प्रबंधन में गंभीर खामियां हैं। इस पर सितंबर 2016 में चंद्रा को हटाने के लिए अधिसूचना जारी की गई। इसके खिलाफ कुलपति चंद्रा ने हाई कोर्ट में अपील की। सिंगल बेंच ने उनकी अपील को खारिज कर दी थी। कुलपति चंद्रा ने सिंगल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने सुनवाई की। याचिका में कहा गया कि छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 52 की राज्य द्वारा व्यय और उसके प्रयोग पर केंद्रित था, जो सरकार को विश्वविद्यालय प्रशासन में हस्तक्षेप करने की अनुमति देता है। कुलपति चंद्रा ने तर्क दिया कि उन्हें उचित प्रक्रिया से वंचित किया गया। पर्याप्त सुनवाई या जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों को चुनौती देने का अवसर दिए बिना उनके विरुद्ध अधिसूचनाएं जारी की गई थीं।









































हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com